* वर्ष 40 * अंक 60 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com
उदयपुर बुधवार दिनांक 27 नवम्बर 2024
दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# राजस्थान के टोल पर जबरदस्ती कैश वसूली बंद होगी, फास्टैग से ही कटेगा पैसा



**जयपुर।** राजस्थान में 186 टोल प्लाजा में से 172 टोल प्लाजा पर फास्टैग की सुविधा शुरू होगी। आगामी एक सप्ताह में 8 और टोल प्लाजा पर फास्टैग सुविधा शुरू कर दी जाएगी। प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग, प्रवीण गुप्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री, दिया कुमारी के नेतृत्व में विभाग ने जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए बहुत कम समय में प्रदेश के टोल बूथों पर फास्टैग इंस्टालेशन का कार्य पूरा कर लिया है। राजस्थान के स्टेट हाईवे पर टोल बूथों पर जबरदस्ती हो रही कैश वसूली अब बंद हो जाएगी। सरकार अगले साल की पहली तिमाही तक सभी स्टेट हाईवे पर टोल कलेक्शन फास्टैग के जरिए शुरू हो जाएगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव प्रवीण गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि ऑपरेटर जानबूझकर सिस्टम को खराब कर रहे है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव प्रवीण गुप्ता ने कहा कि पिछले एक वर्ष से भी कम समय में प्रदेश के 131 टोल बूथों पर फास्टैग इंस्टालेशन का काम पूरा कर लिया गया, जिसके बाद यह सुविधा शुरू की गई।इस सुविधा के शुरू होने से ना केवल लोगों के समय की बचत होगी, बल्कि मार्गों पर यातायात का संचालन भी सुगम और तेज होगा। फास्टैग के माध्यम से वाहन चालकों को निर्धारित टोल दरों का ही भुगतान करना होगा, जिससे अवैध टोल वसूली पर रोक लगेगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। फास्टैग सुविधा की उपलब्धता से वाहन तेज गति से टोल बूथ से गुजर सकेंगे, जिसके कारण ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी। इस कदम से राज्य की सड़कों पर टोल वसूली का सिस्टम पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी हो जाएगा, जिससे सड़क उपयोगकर्ताओं को भी बेहतर अनुभव होगा।

## प्रदूषण रोकने बहरोड़ और नीमराना में निर्माण पर प्रतिबंध, वाहनों पर भी रोक

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के बहरोड़ और नीमराणा में निर्माण पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं, प्रदूषण फैलाने वाहनों पर भी रोक लगा दी है। दिल्ली - हृष्टक्रमें बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दो शहरों में ग्रेप-4 लागू किया गया है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रशासन ने नेशनल कैपिटल रीजन यानि एनसीआर में आने वाले बहरोड़ और नीमराना में प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए है। उल्लेखनीय है कि नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में आने वाले राजस्थान के अलवर और भरतपुर जिले में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चौथे चरण (ग्रैप 4) की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने इस संबंध में हाल ही में आदेश जारी किए थे। इन दो शहरों में 3000 माइंस और इंडस्ट्रीज को बंद कर दिया है। साथ ही इन इलाकों में चल रहे निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी। इन पाबंदियों का असर यातायात पर भी पड़ने वाला है, क्योंकि ग्रैप-4 लागू होने के कारण भारी वाहन अब अलवर और भरतपुर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। हालांकि, आवश्यक सामग्री की आपूर्ति वाले वाहन इस नियम के दायरे से बाहर रहेंगे।

## चार राज्यों में राज्यसभा की छह सीटों पर उपचुनाव का ऐलान, 20 को वोटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को चार राज्यों में राज्यसभा की रिक्त छह सीट के लिए 20 दिसंबर को उपचुनाव कराने की घोषणा की है। आंध्र प्रदेश में तीन रिक्तियां तब पैदा हुई थीं, जब वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्य वेंकटरमण राव मोपीदेवी, बीड़ा मस्तान राव यादव और रयागा कृष्णैया ने अगस्त में उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। राज्यसभा सदस्य के रूप में यादव और कृष्णैया का कार्यकाल 21 जून, 2028 को समाप्त होना था, जबकि मोपीदेवी को 21 जून, 2026 को सेवानिवृत्त होना था। ओडिशा में एक रिक्ति तब हुई, जब सुजीत कुमार ने अपनी सीट छोड़ दी। इसके बाद उन्हें बीजू जनता दल द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2026 को समाप्त होना था। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। वह अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कृष्ण लाल पंवार ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में विधायक चुने जाने के बाद हरियाणा से राज्यसभा की अपनी सीट छोड़ दी थी।

## पाकिस्तान ने ड्रोन से भेजी हेरोइन, 1 महिना में 24 करोड़ की ड्रग सप्लाई

**श्रीगंगानगर (एजेंसी)।** राजस्थान पुलिस ने ड्रोन के जरिए ड्रग की डिलीवरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। यह हेरोइन पाकिस्तान स्थित आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पंजाब में डिलीवरी कर लाई गई थी। इसमें शामिल गिरोह के एक सदस्य को राजस्थान



पुलिस ने श्रीगंगानगर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शख्स का नाम गुरमेज सिंह है। यह पाकिस्तान सप्लायर और पंजाब के स्मगलर के बीच का सदस्य है। पकड़े गए बिचौलिया ने कबूल किया कि उसे और उसके गैंग मेंबर को प्रति 1-2 किलोग्राम हेरोइन की खेंप के बदले 50 हजार रुपए दिए गए थे। इस हीरोइन की कीमत छह करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम थी। पुलिस ने सिंह के दो रिश्तेदारों की भी पहचान की है। ये लोग भी हेरोइन तस्करी में बिचोलिया का काम करते थे। पूछताछ के दौरान सिंह ने कबूल किया कि उसने इस अक्टूबर चार किलो हेरोइन की तस्करी की है। इसकी कीमत करीब 24 करोड़ रुपए थी।

**चार बार में आई चार किलोग्राम हेरोइन :** बीकानेर रेंज के आईजीपी ओमप्रकाश ने बताया कि सिंह को 16 अक्टूबर को सीमा क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त ड्रोन की बरामदगी के बाद गिरफ्तार किया गया था। सिंह श्रीगंगानगर गांव का रहने वाला है। पूछताछ में उसने इस बात को कबूल किया कि उस रात उसने हेरोइन की कई डिलीवरी में कॉर्डिनेशन को अंजाम दिया था। उसे 4 किलोग्राम हिरोइन चार अलग-अलग ड्रोन के जरिए मिली थी।

### राज परिवार में धुणी दर्शन विवाद : दूसरे दिन शांति, जगदीश चौक बना छावनी

# सिटी पैलेस के आसपास धारा 163 लागू, आज एकलिंगजी दर्शन करने जाएंगे विश्वराजसिंह

**उदयपुर (पुकार)।** चित्तौड़ दुर्ग पर विश्वराज सिंह मेवाड़ के 77वें महाराणा के रूप में राजतिलक के बाद सिटी पैलेस में धुणी के दर्शनों को सोमवार शाम से गर्माया विवाद मंगलवार को भी जारी रहा, हालांकि दूसरे दिन शांति रही। जिला प्रशासन ने जगदीश चौक से सिटी पैलेस तक रोड को बेरिकेड्स एवं जालियां लगाकर पूरी से रास्ता बंद कर दिया। इधर, विश्वराजसिंह के समोरबाग स्थित निवास पर बुधवार सुबह एकलिंगजी दर्शन के लिए जाने का कार्यक्रम तय किया हुआ, साथ ही धुणी दर्शन का कार्यक्रम भी तय किया जाएगा।

इधर जिला प्रशासन द्वारा जगदीश चौक से सिटी पैलेस तक के हिस्से को कुर्क करने के बाद मंगलवार सुबह इस रोड पर तीन जगह पर बेरिकेड्स लगाकर कुर्क करने का काम शुरू कर दिया। जगदीश चौक से जैसे ही पैलेस की ओर जाने वाले रोड पर मुड़ते ही कार्नर पर ही पुलिस ने भारी बेरिकेड्स लगा दिए और उपर इन बेरिकेड्स में लोहे के पाईप को खड़ा कर लोहे की जाली लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इसी तरह इस ओर जाने वाली छोटी-छोटी गलियों और अन्य रास्तों पर भी बेरिकेड्स लगाकर पूरी तरह से ऐसा बंद कर दिया गया कि कोई भी इस ओर ना आ सके।

दोपहर को जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल जगदीश चौक पहुंचे और वहां से पैदल ही सिटी पैलेस की ओर गए और वहां पर जाकर स्थिति को देखा और अधिकारियों को इस ओर जाने वाले रास्तों पर अतिरिक्त जाब्ता तैनात करने के विशेष दिशा-निर्देश दिए। इधर देर शाम को उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीणा और जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल दोनों विश्वराज सिंह मेवाड़ से मिलने के लिए उनके समोर स्थित निवास पर पहुँचे और वहां पर दोनों अधिकारियों ने मेवाड़ से इस बारे में जानकारी ली कि बुधवार को एकलिंगजी दर्शन करने को लेकर कितने लोगों की संख्या रहेगी, हालांकि मेवाड़ ने भी संख्या की



जानकारी होने से इंकार कर दिया है। दोनों अधिकारियों का कहना है एकलिंगजी दर्शन करने में किसी तरह का कोई विवाद नहीं होगा और आसानी से दर्शन करवाए जा सकेंगे। साथ ही मौके पर कानून व्यवस्था के लिए तैयारियां की जा रही हे।

**दोनों पक्षों ने की मीडिया से चर्चा :** इधर, सोमवार को हुई हिंसा के बाद मंगलवार को विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा मैं लड़ाई-झगड़ा नहीं चाहता। इसलिए सिटी पैलेस में नहीं जाता हूं। उन्होंने कहा कि कैलाशपुरी स्थित एकलिंगनाथ जी मंदिर से पुराना नाता है, इसलिए बुधवार सुबह 10 बजे वे उनके दर्शन करने जाएंगे। वहीं लक्ष्यराज सिंह ने कहा- एक व्यक्ति के घमंड और गुरूर के कारण ये सब हो रहा है। ये जो हालात बने हैं, इससे सैकड़ों लोग परेशान हो रहे हैं। उदयपुर का नाम खराब हो रहा है। मैं ऐसी सोच का समर्थन नहीं करता हूं, न ही इसे जायज मानता हूं।

**सिटी पैलेस के आसपास धारा 163 लागू :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविंद पोसवाल ने शहर के सिटी पैलेस के आसपास के क्षेत्र में लोक शांति कायम रखने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के प्रावधानों को लागू किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि उदयपुर शहर में दिनांक 25 नवम्बर 2024 को मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह एवं सिटी पैलेस में निवासरत पूर्व राजपरिवार के सदस्यों के बीच बड़ी पोल के अन्दर धूणी माता के दर्शन को लेकर उत्पन्न हुए विवाद एवं उत्पन्न विवाद से कानून व्यवस्था बिगड़ने पर जगदीश चौक से 500 मीटर के परिक्षेत्र में एवं रंगनिवास पर्यटन पुलिस थाना तक जो कि घण्टाघर एवं सूरजपोल थाने की सीमाओं के अन्दर आता है। इस सीमाओं में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय किए जाने आवश्यक हैं। इन परिस्थितियों में कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पोसवाल ने जगदीश चौक से 500 मीटर के परिक्षेत्र में एवं रंग निवास पर्यटन थाना तक जो कि घण्टाघर एवं सूरजपोल थाने की सीमाओं के अंदर आता है वहां पर धारा 163 लागू की है। उन्होंने बताया कि यह आदेश 26 नवम्बर को तत्काल प्रभाव से लागू होकर अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा।

## बैलेट पेपर की मांग पर सुप्रीम कोर्ट की नेताओं को खरी-खरी, कहा- जीतने पर ईवीएम खराब नहीं होती?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर से बैलेट पेपर के जरिए देश भर में मतदान कराने की व्यवस्था किए जाने का अनुरोध करने वाली और चुनावी सुधारों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने आज (मंगलवार, 26 नवंबर को) याचिका खारिज करते हुए कहा कि जीतने पर ईवीएम खराब नहीं होती लेकिन हार जाने पर वही ईवीएम खराब हो जाती है। दो तरह के मानदंड नहीं चलेंगे। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पी बी वराले की पीठ ने टिप्पणी की, जब आप



चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ हो जीती है।'' कोर्ट ने कहा, जब चंद्रबाबू नायडू या मिस्टर रेड्डी हारते हैं, तो कहते हैं कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है, लेकिन जब वे जीतते हैं, तो वे कुछ नहीं कहते। हम इसे कैसे देख सकते हैं? हम इसे खारिज कर रहे हैं। यह वह जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस करें। याचिका में मतपत्र से मतदान कराए जाने के अलावा कई अन्य दिशा-निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया था। याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि यदि कोई उम्मीदवार चुनाव के दौरान मतदाताओं को धन, शराब या अन्य भौतिक प्रलोभन वितरित करने का दोषी पाया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर भी चुटकी ली। जब याचिकाकर्ता के ए पॉल ने कहा कि जनहित याचिका उन्होंने दायर की है, तो पीठ ने कहा, आपके पास दिलचस्प जनहित याचिकाएं हैं। आपको ये शानदार विचार कहां से मिलते हैं? याचिकाकर्ता ने कहा कि वह एक ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं जिसने तीन लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं को बचाया है। पीठ ने इसके जवाब में कहा, आप इस राजनीति के क्षेत्र में क्यों उतर रहे हैं? आपका कार्य क्षेत्र बहुत अलग है। पॉल ने जब बताया कि वह 150 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं, तो पीठ ने उनसे पूछा कि क्या इन देशों में मतपत्रों के जरिए मतदान होता है या वहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का इस्तेमाल होता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि अन्य देशों ने मतपत्रों के जरिए मतदान की प्रक्रिया को अपनाया है और भारत को भी ऐसा ही करना चाहिए। पीठ ने कहा, आप बाकी दुनिया से अलग क्यों नहीं होना चाहते? पॉल ने जवाब दिया कि भ्रष्टाचार हुआ है और इस साल (2024) जून में निर्वाचन आयोग ने घोषणा की थी कि उन्होंने 9,000 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। पीठ ने कहा, ''लेकिन इससे आपकी बात कैसे प्रासंगिक हो जाती है... यदि आप मतपत्र की ओर लौटते हैं, तो क्या भ्रष्टाचार नहीं होगा?

## भारत का संविधान अब संस्कृत और मैथिली में भी

**राष्ट्रपति-प्र.म. मोदी ने किया विमोचन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का संविधान अब आप संस्कृत और मैथिली भाषा में भी पढ़ सकेंगे। संविधान निर्माण के 75 साल पूरे होने के मौके पर मंगलवार को इन भाषाओं में प्रतियों का विमोचन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद थीं तो दोनों सदनों के स्पीकर, प्र.म. नरेंद्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी थे। संविधान दिवस पर एक विशेष डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया है। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह संविधान देश को मेधावी लोगों



की देन है। इसने देश की विविधता को अभिव्यक्ति दी है। इस कार्यक्रम के दौरान पक्ष और विपक्ष एक दिखे। संविधान की मैथिली और संस्कृति प्रतियों के विमोचन के दौरान मंच पर प्र.म. नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के साथ थे तो वहीं राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे जैसे विपक्षी नेता भी मौजूद थे। इनके अलावा दोनों सदनों के स्पीकर, डिप्टी स्पीकर भी मंच पर थे। 75वें संविधान दिवस के अवसर पर खास टिकट और सिक्के भी जारी किए गए।

## रैपर बादशाह भी लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर! नाइट क्लब के बाहर धमाके की ली जिम्मेदारी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** रैपर बादशाह के नाइट क्लब के बाहर धमाकों में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ होने की बात सामने आई है। बिश्नोई के करीब गोल्डी बराड़ ने इसकी जिम्मेदारी ली है। गौरतलब है कि चंडीगढ़ में मंगलवार अल-सुबह दो नाइट क्लबों के बाहर धमाके होने से सनसनी फैल गयी। चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में सेविले बार एंड लाउंज और डिओरा क्लब के बाहर बाइक सवार दो नकाबपोशों ने बम फेंके और मौके से फरार हो गए। सेविले बार एंड लाउंज क्लब में मशहूर रैपर बादशाह की हिस्सेदारी है। गौरतलब है मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोप भी लॉरेंस



बिश्नोई पर लगा है। इसके अलावा कुछ दिन पहले सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में भी उसका नाम आया था। वहीं, पूर्व विधायक और सलमान के करीबी बाबा सिद्दिकी मर्डर केस में भी लॉरेंस बिश्नोई का ही हाथ होने की बात कही जा रही है।

**कान खोलने के लिए धमाके :** गोल्डी बराड़ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा है कि उसने और रोहित गोदारा ने इस ब्लास्ट को अंजाम दिलवाया है। उन्होंने कहाकि जिस सेविले बार और लाउंज रेस्टोरेंट के बाहर धमाका किया गया है, उसका मालिक रैपर बादशाह है। उसे रंगदारी के लिए कॉल किया था, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया इसीलिए दो क्लबों के बाहर धमाके करवाए गए। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि दो ब्लास्ट की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा लेते हैं।

## राजस्थान में एक ही दिन होगी रीट

### अभ्यर्थियों को गृह जिले के नजदीक ही मिलेंगे परीक्षा केंद्र

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में सरकारी स्कूलों में टीचर बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। मंगलवार को जयपुर के शिक्षा संकुल में रीट परीक्षा के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें जल्द ही रीट पात्रता परीक्षा की विज्ञप्ति जारी करने के साथ ही दिसंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने और फरवरी में पात्रता परीक्षा का आयोजन करने पर मंथन किया गया।

शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया- इस बार रीट परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में एक ही दिन किया जाएगा। इसमें कोशिश की जाएगी कि अभ्यर्थियों को उनके निकटतम जिलों में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएं। इसके साथ ही फरवरी में पात्रता परीक्षा का आयोजन होगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां शुरू कर दी है। जल्द ही विज्ञप्ति जारी कर आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बार पात्रता परीक्षा का आयोजन प्रदेश भर में एक ही दिन किया जाएगा। इसके बाद लगभग 3 महीने की प्रक्रिया में पात्रता परीक्षा की आंसर की और रिजल्ट जारी करने के साथ ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की तारीख भी जारी की जाएगी।

#### रिक्त पदों का कर रहे रिव्यू

मदन दिलावर ने बताया- फिलहाल शिक्षा विभाग में रिक्त चल रही पोस्ट के साथ ही टीचर्स की पदोन्नति के बाद पदों की संख्या का रिव्यू किया जा रहा है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उसके बाद ही पता चल सकेगा कि राजस्थान में टीचर्स के कुल कितने पद फिलहाल रिक्त हैं। उसके आधार पर ही शिक्षक भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति जारी की जाएगी।

#### ओएमआर शीट में मिलेंगे पांच ऑप्शन

शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया- इस बार रीट में अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट में चार की जगह पांच ऑप्शन दिए जाएंगे। किसी सवाल के जवाब के लिए चार की जगह पांच विकल्प होंगे। ऐसे में अगर कोई अभ्यर्थी चारों विकल्प नहीं भरता है तो उसे पांचवां विकल्प भरना होगा।

ऐसा न करने पर नेगेटिव मार्किंग होगी और नंबर कट जाएंगे। इसके साथ ही अगर किसी अभ्यर्थी ने 10 फीसदी से अधिक सवालों के जवाब में पांचों विकल्प में से एक भी नहीं चुना तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा- हम ओएमआर शीट पर अभ्यर्थी के रोल नंबर के साथ उसकी फोटो लगाने पर भी विचार कर रहे हैं। इस पर जल्द ही अंतिम फैसला किया जाएगा।

## सीनियर आर्मी अफसर की रिपोर्ट : महिला सीओ बहुत शिकायती, ईगो प्रॉब्लम, मनमाने फैसले; पुरुषों जैसी ट्रेनिंग नहीं इसलिए जूनियर्स की प्रॉब्लम नहीं समझतीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना के एक सीनियर अधिकारी ने महिला कमांडिंग अफसरों (सीओ) के



कामकाज के रिव्यू के बाद कहा कि वे बहुत ज्यादा शिकायत करती हैं। मीडिया में ये रिपोर्ट 26 नवंबर को सामने आई है। दावा किया गया है कि इस रिपोर्ट को 17 कॉर्प्स में टेन्योर खत्म कर चुके लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी ने बनाया है, जिसे 1 अक्टूबर को ईस्टर्न कमांड के कमांडर-इन-चीफ को एक खत के रूप में भेजा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला सीओ में ईगो प्रॉब्लम रहती है। वे छोटी-छोटी बात का सेलिब्रेशन करती हैं। जूनियर्स के लिए उनका व्यवहार 'टॉक्सिक' रहता है। ये रिपोर्ट सामने आने के बाद आर्मी के भीतर और बाहर चर्चा शुरू हो गई है।

#### महिला कमांडर कम संवेदनशील

रिपोर्ट में कहा गया कि महिला सीओ अपने अधिकारियों, जूनियर्स और जवानों के लिए कम संवेदनशील होती हैं। ज्यादातर महिला कमांडर अपने और जूनियर के बीच किसी भी मतभेद को अपने आदेश की अवहेलना मानती हैं। अपनी टीम से बातचीत किए बिना खुद ही सारे निर्णय लेने पर यकीन करती हैं। वे अपने काम करने के तरीके पर ही ज्यादा जोर देती हैं।

#### जूनियर्स के लिए ठीक व्यवहार नहीं

रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला कमांडर ने अपने सूबेदार मेजर (एसएम) को आदेश दे रखा था कि वे जब भी आए, स्रूही उनकी गाड़ी का दरवाजा खोले। जब तक एसएम दरवाजा खोलने नहीं आता, वह महिला अधिकारी अपनी गाड़ी में ही बैठी रहती हैं।



#### जूनियर के काम का श्रेय लेती हैं सीओ

लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने लेटर में लिखा, कई मौकों पर महिला सीओ अपने जूनियर्स को अपमानजनक तरीकों से भी संबोधित करती हैं, जिसके चलते कई यूनिटों का माहौल खराब हुआ है। वे जूनियर्स के कामों का श्रेय लेती हैं।

#### पुरुषों जैसी ट्रेनिंग नहीं इसीलिए परेशानी

रिपोर्ट में कहा गया- पुरुष अधिकारी सीओ के पद पर आने से पहले कड़ी ट्रेनिंग से होकर गुजरते हैं। वे कई तरह के कोर्स कर चुके होते हैं। महिलाओं को इतने मौके नहीं मिलते। महिलाओं को पुरुषों की तरह हाई प्रेशर का अनुभव भी नहीं होता। इसके चलते उन्हें अपने जूनियर्स की समस्याओं और उनकी स्थिति का अंदाजा नहीं होता। वे उन्हें बेहतर नहीं समझ पाती।

#### महिला-पुरुष में भेदभाव किए बिना पावर दी जाए

लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने कहा- जेंडर इक्वालिटी की जगह जेंडर न्यूट्रैलिटी पर जोर देना चाहिए। महिलाओं को समान अधिकार देने के बजाय महिला-पुरुष में भेदभाव किए बिना शक्तियां दी जानी चाहिए। महिलाओं के काम की लगातार निगरानी और लीडरशिप में आ रही कमियों का समाधान निकालना चाहिए।

## महाराष्ट्र में सीएम का ऐलान नहीं, अब भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी

### विधायकों से रायशुमारी करके नाम घोषित करेंगे



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा आज या कल पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। विधानसभा का कार्यकाल आज यानी 26 नवंबर तक ही है। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे। शिंदे 28 जून 2022 से 26 नवंबर 2024 तक सीएम रहे। शिंदे के इस्तीफे के बाद भाजपा विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। इसमें फडणवीस को नेता चुना जाएगा। इसके बाद सह्याद्रि गेस्ट हाउस में शिंदे, फडणवीस और अजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वीआईएफटी में संविधान दिवस पर सेमीनार



**उदयपुर (पुकार)।** भारत के संविधान दिवस के उपलक्ष्य में वीआईवीएफटी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय संविधान की महत्ता और उसकी विशेषताओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए विशेषज्ञ प्रो. के. के. त्रिवेदी ने व्याख्यान दिया।

संघ चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने बताया कि 'भारतीय संविधान और उसके महत्व पर चर्चा' विषयक सेमिनार में डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता और प्रिंसीपल विप्रा सुखवाल ने संविधान के उद्देश्यों और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। साईं तिरूपति विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट प्रो. प्रशान्त नाहर ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए छात्रों को संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, और नागरिकों के अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार में जर्नादन राय नागर विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के प्रो. के. के. त्रिवेदी ने बताया कि भारतीय संविधान न केवल हमारे देश के लोकतंत्र को मजबूत करता है, बल्कि यह समाज में समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का संदेश भी देता है। संविधान के माध्यम से हम अपने अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करते हैं। अंत में विद्यार्थियों ने संविधान की पालना की शपथ ली और इसे पूरी तरह से समझने और पालन करने का संकल्प लिया।

### संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों पर चर्चा



**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक विश्वविद्यालय के पेसिफिक स्कूल ऑफ़ लॉ द्वारा आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेसिडेंट प्रोफेसर हेमंत कोठारी ने संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर पुष्पा मेहडू ने सविधान की पालना से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विधि के छात्रों द्वारा संविधानिक यात्रा को विभिन्न पहलुओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में संकाय के सभी सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम का संचालन ध्रुवल शाह द्वारा किया गया।

### गुरुकुल संकुल परिसर में संविधान दिवस मनाया

**उदयपुर (पुकार)।** संविधान दिवस समारोह भारतीय संविधान दिवस पर सावित्रीबाई फुले पर्यावरण शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में गुरुकुल संकुल परिसर में संविधान दिवस मनाया गया जिसमे सर्व प्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजली अर्पित की गई।

समारोह में संविधान उद्देशिका की शपथ दिलाई गई एवं कर्तव्यों का वाचन किया गया। डॉ रंजना सालगिया ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माण की रोचक कहानी के माध्यम से संविधान निर्माण की प्रक्रिया बताई। विद्यार्थियों ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। निदेशक दिनेश माली ने संविधान के पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन प्यारेलाल मेघवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आलोक जाखड़ ने दिया।

### भाविका श्रीमाली ने जीता पहला स्थान




**उदयपुर (पुकार)।** ऐश्वर्या कॉलेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की महिमा और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान को पोस्टर्स और प्रस्तुति के माध्यम से रेखांकित किया। छात्रा दिक्षा सुथार ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर व्यापक व्याख्यान दिया। प्रतियोगिता में भाविका श्रीमाली ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जगदीश कुमार और राहुल मीणा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में अमिषा जैन, प्रियंका गांधी, इशिका सोनी, लविश सोलंकी और अन्य विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए पोस्टर्स प्रस्तुत किए। ऐश्वर्या शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राशि माथुर ने भारतीय संविधान के महत्व पर अपने विचार साझा किए और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहवर्धक प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं साथ ही कहा कि संविधान देश की आत्मा है, और इसका अध्ययन एवं संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### संविधान दिवस पर बाबा साहब को पुष्पांजलि

**उदयपुर (पुकार)।** संविधान दिवस पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा कोर्ट चौराहे पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्याअर्पण एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम रखा गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली शहर विधायक ताराचंद जैन मोर्चा जिला प्रभारी बंसी लाल खटीक, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान मोर्चा प्रदेश आईटी संयोजक संजय चंदेल पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद चौहान रमेश जिंगर मोर्चा जिला महामंत्री गोपाल सालवी रोशन वसीटा जिला पदाधिकरण पूर्व जिला महामंत्री रजनीश चुहाड़िया कैलाश निमावत अशोक नकवाल जगदीश नकवाल राजेश गवारिया राजेश चौहान भरत चंदेरिया रवि बागड़ी नरेश बावरी पम्मी पहाड़िया मंडल अध्यक्ष कमलेश परमार पुष्कर मेघवाल, नाना लाल मोची, मनोहर राव, महेश चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 75 वे संविधान की वर्षगांठ पर लघु पुस्तिका

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के जाने-माने प्रख्यात शिल्पकार रिकॉर्ड होल्डर चंद्र प्रकाश चित्तौड़ा द्वारा 75 वे संविधान की वर्षगांठ पर लघु पुस्तिका में संविधान का महत्व वह महत्वपूर्ण पहलू को सचित्र 75 पृष्ठ की किताब में वर्णन किया गया इस पुस्तिका को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में संविधान पार्क में डेरी साइंस के छात्र-छात्राओं को संविधान की पुस्तकों के माध्यम से अवगत कराया गया।



संविधान की 75वीं वर्षगांठ : संगोष्ठी का हुआ आयोजन, शासन व्यवस्था के लिए विधान निर्माण का सबसे पहला उदाहरण ऋग्वेद में

# 'हमारा संविधान कठोर एवं लचीलेपन का शानदार मिश्रण'

**उदयपुर (पुकार)।** संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर में विविध आयोजन हुए। चेतक सर्कल स्थित सूचना केंद्र सभागार में संविधान निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक फोटो की प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

संगोष्ठी में प्रताप गौरव केंद्र के शोध निदेशक डॉ विवेक भटनागर बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए, साथ ही जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गीतेशश्री मालवीय ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर उपस्थित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए डॉ भटनागर ने कहा कि संविधान का अर्थ है समविधान अर्थात जो सभी के लिए एक समान नियमावली प्रस्तुत करें और सभी के हितों की रक्षा करें। ऋग्वेद में उल्लेख है कि सर्वप्रथम जन एवं जनपदों के लिए सभा, समिति और विदथ का गठन किया गया और इसके लिए नियमावली बनाई गई। किसी शासन व्यवस्था के लिए विधान निर्माण का यह सबसे पहला उदाहरण है। समय के साथ आवश्यकतानुसार विधान बदलते गए। हमारे देश का संविधान 60 देशों के संविधान से अच्छी बातों के चयन कर बनाया गया है। यह अपने आप में कठोर एवं लचीलेपन का शानदार मिश्रण है जो देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है।




**संविधान का महत्व समझाने के साथ किया कैरियर मार्गदर्शन**

संगोष्ठी में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त आयुक्त गीतेशश्री मालवीय ने उपस्थित युवाओं को दैनिक जीवन में संविधान का महत्व समझाते हुए कैरियर मार्गदर्शन किया तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं के प्रशासनिक सेवा में चुने जाने से संबंधित किस्से भी सुनाएं और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अभाव कभी कड़ी मेहनत के आड़े नहीं आते, युवा साथी अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर आशानुकूल परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।




इससे पूर्व अतिथियों एवं युवाओं ने सभागार में प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा संविधान निर्माण करने वाले तथा इसमें योगदान देने वाले देश के पुरोधाओं को याद किया। संगोष्ठी में सूचना केंद्र के उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा ने सभी का आभार जताया। संचालन सहायक जनसंपर्क अधिकारी जयेश पण्डया ने किया। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी जसवंत सिंह भाटी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी वाचस्पति देराश्री, राजसिंह सदाणा, दीपक शर्मा, सुनील व्यास, राजसिंह, हीरालाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया**

संगोष्ठी उपरांत संविधान निर्माण से जुड़ी ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें करीब 50 युवाओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। उक्त प्रश्नोत्तरी में 6 युवाओं जितेंद्र कुम्हार, कृतिका पूर्बिया, अमीषा, मुरलीधर सुथार, खुशवंत एवं पारस कुमार मीणा ने सभी प्रश्नों के सही उत्तर देते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया जिस पर अथितियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सेंट पॉल स्कूल में अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** सेंट पॉल स्कूल में 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ''26 नवंबर 1949 को गठित संविधान एक सुनियोजित संविधान है'' विषय पर शहर के अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सेन्ट मेरीज फतहपुरा, सेन्ट मेरीज तितरडी, एमडीएस स्कूल प्रतापनगर, एमडीएस स्कूल हिरण मगरी, विवेकानन्द केन्द्रीय विद्यालय ऋषभदेव, द स्कॉलर्स एरिना, रेयान इन्टरनेशनल स्कूल, सीडिलिंग मॉडर्न पब्लिक स्कूल, महाराणा मेवाड पब्लिक स्कूल, नीरजा मोदी स्कूल, विट्टी इन्टरनेशनल स्कूल, सेन्ट एन्थोनीज स्कूल, सेन्ट ग्रीगोरियस स्कूल, द स्टडी स्कूल, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल एवं सेन्ट पॉल स्कूल उदयपुर समेत कुल 16 स्कूलों ने भाग लिया। इसमें कुल 32 प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए।

इससे पहले सभी आमंत्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का राजस्थानी परम्परा के अनुसार तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. जगदीश बर्मन, प्रमुख उत्कृष्टता केन्द्र, संयुक्त सचिव सी.बी.एस.ई. अजमेर द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई द्य तत्पश्चात सेन्ट पॉल की बालिकाओं द्वारा प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्राचार्य फादर जॉर्ज के.के. ने मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश बर्मन का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। निर्णायक दल में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉक्टर गिरधारी सिंह कुंपावत, भूपाल नोबल्स महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री मनस्विनी सोढा एवं राजनीति विज्ञान में संविधान विषय पर शोधकर्ता राहुल रोत उपस्थित थे।



प्रतियोगिता में पक्ष में बोलते हुए एमडीएस हिरण मगरी सेक्टर-3 के मानस पुरोहित ने प्रथम, सेन्ट मेरिज स्कूल, फतहपुरा की जाहनवी शर्मा ने द्वितीय एवं सेन्ट मेरिज तितरडी के हर्षल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विपक्ष में बोलते हुए सीडलिंग स्कूल एवं एमडीएस स्कूल प्रतापनग के ऑचल बेदी व नव्याना सिंह ने प्रथम, सेन्ट मेरीज स्कूल फतहपुरा की कुशी सिंघवी ने द्वितीय एवं नीरजा मोदी स्कूल के नव्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेन्ट मेरीज स्कूल फतहपुरा ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

अपने संबोधन में सभापति की भूमिका में डॉ. जगदीश बर्मन ने कहा कि राष्ट्रीय संविधान दिवस पर ऐसा कार्यक्रम रखना विद्यर्थियों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करता है।

## एनएसयूआई ने निकाला संविधान बचाओ मार्च



**उदयपुर (पुकार)।** संविधान दिवस के मौके पर उदयपुर एनएसयूआई द्वारा एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में विश्वविद्यालय मार्ग पर संविधान बचाओ मार्च का आयोजन किया गया। उदयपुर एनएसयूआई नेता देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि उदयपुर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने राजस्थान एनएसयूआई के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने उदयपुर में शिरकत की। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा जिस तरीके से संविधान को तार तार कर रही है वह निंदनीय विषय है। संविधान बचाओ मार्च के समय प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़, देवेंद्र सिंह राठौड़, विक्रम भादू एवं अन्य कई एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## पाली की दुर्गा देवी को लोक कला साधक सम्मान

**सम्मान पट्टिका के साथ 2.5 लाख रुपए की राशि**

**उदयपुर/पाली (पुकार)।** पाली जिले की बाली तहसील के ग्राम पादरला की दुर्गा देवी को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला का लोक कला साधक सम्मान 29 नवंबर को चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा दिया जाएगा। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के निदेशक फुरकान खान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लोक कला साधक अवॉर्ड उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा पिछले वर्ष स्थापित किए गये थे जिसमें प्रत्येक वर्ष लोक नृत्य और लोक संगीत में अवॉर्ड दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अवॉर्ड की राशि 5 लाख रुपए है। ये अवार्ड चंडीगढ़ क्राफ्ट मेले के उद्घाटन के अवसर पर समारोहपूर्वक दिए जाते हैं। इन अवॉर्ड का उद्देश्य लोक कलाकारों का सम्मान और विलुप्त होती लोक कलाओं का संरक्षण करना है।



इस वर्ष लोक नृत्य श्रेणी में यह पुरस्कार राजस्थान की तेरहताल की कलाकार दुर्गा देवी और हिमाचल प्रदेश के कुल्लुवी नाटी के वरिष्ठ कलाकार बालक राम ठाकुर को संयुक्त रूप से दिया जा रहा है। इसलिए अवॉर्ड की राशि दोनों में विभाजित होकर प्रत्येक को 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे और सम्मान पट्टिका के साथ ही शॉल ओढ़ाकर पंजाब के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। तेरहताली नृत्य बैठकर किया जाने वाला अनोखा नृत्य है जिसमें शरीर पर तेरह छोटे छोटे मजीरे बांधकर उनकी ताल पर शरीर का अंग संचलन होता है।

## संविधान की प्रस्तावना पर व्याख्यान

**उदयपुर (पुकार)।** गुरु नानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन विभाग तथा महाविद्यालय की संघटक इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना पर व्याख्यान रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य प्रो. डॉ . अनिल कोठारी सर ने किया एवं मुख्य वक्ता डॉ . बालूदान बारहठ, सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने प्रस्तावना के प्रकाश में संविधान विषय पर व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने प्रस्तावना में लिखित एक-एक शब्द का उदाहरण सहित विश्लेषणात्मक गुढ अर्थ समझाया तथा संप्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य में संविधान की प्रस्तावना की भूमिका और नागरिकों को उनके मूल कर्तव्यों से अवगत करवाया और साथ ही सभी छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। मुख्य वक्ता का संक्षिप्त परिचय एनएसएस प्रभारी तथा लोक प्रशासन की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता पालीवाल ने दिया। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर वृत चित ( Documentry ) का प्रस्तुतीकरण किया गया। धन्यवाद राजनीति विज्ञान विभाग की व्याख्याता डॉ . मीना नागदा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन एनएनएस की छात्रा हर्षिता चौहान और खुशी राठौड ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्या डॉ . अनुज्ञा पोरवाल तथा समस्त संकाय के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता गण एवं छात्राएं उपस्थित रही।



## रोटरी क्लब उद्यम अक्षय उर्जा प्रोजेक्ट के लिये हुआ पुरूस्कृत

**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी क्लब उद्यम को अक्षय ऊर्जा प्रोजेक्ट के लिए रोटरी बजाज भवन में रोटरी क्लब हरिटेज द्वारा आयोजित एक समारोह में पुरूस्कृत किया गया। क्लब अध्यक्ष मेखला भौमिक ने बताया कि समारोह में पूर्व प्रान्तपाल डॉ. बलवंत चिराना और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया और इस प्रोजेक्ट सराहा गया है।



यह पुरस्कार अध्यक्ष मेखला भौमिक, सचिव मनीषा जैन और टीम के सदस्य डॉ. मनोज कुमार और दीपेश गुर्जर को प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट चेयरमैन वैभव शर्मा के निर्देशन में अक्षय ऊर्जा प्रोजेक्ट के तहत क्लब का लक्ष्य काया गांव के उन सभी घरों को सोलर ट्यूब लाइट और सोलर पैनल से रोशन करना है जो आज भी अंधेरे में हैं। अभी भी 22 परिवार को टीम उद्यम, पूरी तरह से रोशन करने में लगी हुई है।

## टखमण 28 में ख्यातनात कलाकार विद्यासागर उपाध्याय की प्रदर्शनी शुरू

**उदयपुर (पुकार)।** टखमण 28 संस्था की कलादीर्घा में जाने माने कलाकार विद्यासागर उपाध्याय के 77 वें जन्मदिन की प्रतीक 77 चित्रकृतियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मंगलवार को धरोहर की संरक्षक श्रीमती नंदिता सिंघल के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के ख्यात कलाविद, कला गुरु सुरेश शर्मा एवं शैल चोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रदर्शित चित्र पेन इंक और ड्राई पेस्टल रंगों से बने अमूर्त रेखांकन हैं, जो कि कलाकार के द्वारा इसी कैलेंडर वर्ष में सृजित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यासागर उपाध्याय का नाम राजस्थान में अमूर्त कला आंदोलन के प्रमुख चित्रकारों में शुमार है और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई चित्र प्रदर्शनियों एवं कार्यशालाओं में इनकी उपस्थिति दर्ज होती रही है। विद्यासागर उपाध्याय का मानना है कि अमूर्तन एक भाव है, विचार है और अभिव्यक्ति का ही एक स्वरुप है। इसमें कलाकार की अपनी मानसिकता का प्रदर्शन है।



अमूर्तन की रचना के समय वह यथार्थ अथवा भासित आकार का मोह छोड़ देता है। प्रकृति में विविधता है, वह कभी खत्म नहीं होती। उसके प्रभाव में हर क्षण रंगों व आकारों की नई दुनिया प्रकट होती रहती है। ऐसा ही कुछ हमारी सपनों की दुनिया में भी घटित होता है। अतः अमूर्तन प्रकृति से कहीं भी अलग नहीं है। इसी विचार के संदर्भ में अमूर्त वादी आगे बढ़े और उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सिद्ध किया कि बिना यथार्थ आकृतियों के भी सौंदर्य की अनुभूति की जा सकती है अथवा करवाई जा सकती है। यहां कलाकार ज्यादा स्वतंत्र होता है, सृजन के समय वह और अधिक स्वछंद भी हो जाता है। ऐसे आकारों की रचना विशुद्ध सौंदर्य से जुड़ी हुई है।

ऐसे ही वैचारिक पृष्ठभूमि में विद्यासागर उपाध्याय ने अनगिनत छोटे बड़े आकार के चित्रों की कई माध्यमों व तकनीक से रचना की है। अमूर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दृढ़ है। अपने सृजन काल के आरंभ से लेकर अब तक जितनी भी रचनाएं की है, वह सब 'अनटाइटल्ड' शीर्षक से ही प्रदर्शित हुई है।

यह भी समकालीन कला की दुनिया में एक अनूठापन है। यहां प्रदर्शित सभी चित्र प्रकृति के पल पल बदलते रूपों की तरह ही है, जो दर्शकों के सामने अदीठे रंगों व आकारों की दुनिया प्रस्तुत करते हैं।

उद्घाटन समारोह में सदाशिव श्रोत्रिय, परितोष दुगड़, श्रीनिवास अय्यर, हर्ष छाजेड़, बसंत कश्यप, सुभाष मेहता, मीना बया, ललित शर्मा, आर.के.शर्मा, सी.पी.चौधरी, रघुनाथ शर्मा, छोटूलाल, रामसिंह, आकाश चोयल, शर्मिला राठौड़, संदीप पालीवाल, जयेश सिकलीगर आदि कलाकार, साहित्यकार एवं कलाप्रेमी मौजूद रहे। प्रदर्शनी 5 दिसंबर तक 11 बजे से 7 बजे तक अवलोकनार्थ

### बी प्लस

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'द टीचर एप' का किया अनावरण

**उदयपुर (पुकार)।** भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फ उंडेशन ने द टीचर एप लॉन्च किया, जो एक नवोन्मेषी डिजिटल प्लेटफ ॉर्म है जिसे 21वीं सदी की कक्षाओं की मांगों को पूरा करने के लिए शिक्षकों को भविष्य के लिए तैयार कौशल प्रदान करके भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में आयोजित एक लॉन्च कार्यक्रम में इस प्लेटफ ॉर्म का अनावरण किया। इस अवसर पर भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चैयरमेन राकेश भारती मित्तल और भारती एयरटेल फ उंडेशन की सीईओ सुश्री ममता सैकिया के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक और बी.एड. के विद्यार्थी भी मौजूद थे। जमीनी अनुभव और शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों की गहरी समझ के आधार पर, भारती एयरटेल फ़ाउंडेशन ने द टीचर एप की अवधारणा को विकसित किया है। यह एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो शिक्षकों को नवोन्मेषी डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उन्हें समय की कसौटी पर खरे उतरे और भविष्य के लिए तैयार कौशल से सुसज्जित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चैयरमेन राकेश भारती मित्तल ने द टीचर एप के खास महत्व पर बोलते हुए कहा - भारत को वैश्विक आर्थिक नेता के रूप में विकसित होने के लिए, यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा प्रणाली शिक्षकों को रचनात्मकता, विवेचनात्मक विचार प्रणाली और नवाचार को बेहतर तरीके से अपनाने की ओर कदम बढ़ाने में समर्थ बनाए। द टीचर एप इस दिशा में एक निर्णायक कदम है, जो शिक्षकों को ऐसी विश्व स्तरीय संसाधनों और सर्वोत्तम प्रथाओं की उपलब्धता प्रदान करता है। हम इस प्लेटफॉर्म को भारत के उन शिक्षकों को



## संक्षिप्त समाचार

### सर्दियों में बढ़ जाता है ब्रेन स्ट्रोक का खतरा



**उदयपुर (पुकार)।** सर्दी का मौसम आरामदायक लग सकता है, लेकिन यह दिल और दिमाग के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। ठंडा तापमान रक्तचाप बढ़ा सकता है और खून को गाढ़ा बना सकता है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। ब्रेन स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह बाधित हो जाता है, जो धमनियों में रुकावट (इस्केमिक स्ट्रोक) या रक्त वाहिका फटने (हेमरेजिक स्ट्रोक) के कारण होता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे दिल को रक्त पंप करने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है और यह दबाव स्ट्रोक का प्रमुख कारण बनता है। पारस हेल्थ उदयपुर के डॉ तरुण माथुर : सीनियर कंसलटेंट न्यूरो फिजिशियन एवं स्ट्रोक स्पेशलिस्ट कहते हैं 'सर्दियों में स्ट्रोक का खतरा विशेष रूप से उन मरीजों में बढ़ जाता है, जिन्हें पहले से उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं हैं। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है और दिल पर अधिक दबाव पड़ता हैह्व साथ ही, ठंड में खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्का बनने का खतरा बढ़ता है। सर्दी में स्ट्रोक से बचने के लिए नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करें और सक्रिय रहें। ' डॉ तरुण माथुर ने बढ़ते ठंड में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी है, जिसमें नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और ब्लड प्रेशर पर नजर रखना शामिल है। उन्होंने ठंड के मौसम में शराब का सेवन कम करने और दवाओं को नियमित रूप से लेने की भी सिफारिश की है। अध्ययन बताते हैं कि सर्दियों में स्ट्रोक के मामले बढ़ते हैं। ठंड के कारण पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) भी खून गाढ़ा बनाती है, जिससे स्ट्रोक का जोखिम और बढ़ता है। शारीरिक गतिविधियों में कमी, वजन बढ़ना और कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना भी जोखिम कारक हैं। साथ ही, ठंड में खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे थक्का बनने का खतरा बढ़ जाता है। यही थक्के अक्सर इस्केमिक स्ट्रोक का कारण बनते हैं, जो सबसे आम प्रकार का स्ट्रोक है। इसके अलावा, सर्दियों में शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण वजन बढ़ना, कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना और रक्तचाप में वृद्धि हो जाती है। ठंड के कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) भी खून को गाढ़ा बनाती है, जिससे स्ट्रोक का खतरा और बढ़ जाता है। स्ट्रोक के लक्षण अक्सर अनदेखे रह जाते हैं, लेकिन उन्हें समय पर पहचानकर जीवन बचाया जा सकता है।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा 12 से 27 दिस. तक

**उदयपुर (पुकार)।** समान परीक्षा व्यवस्था के तहत कक्षा 9 से 12 की अर्द्धवार्षिक एवं कक्षा 9 व 11 की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। समान परीक्षा वर्ष 2024-25 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन 17 से 27 दिसम्बर तक होगा। इस दौरान विद्यालय स्तर की परीक्षाएं व प्रायोगिक विषयों की परीक्षाएं होंगी।

पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं द्वारा प्रश्न पत्र छपवाने के बाद जिला स्तर पर सीधे पहुंचाए जाएंगे। परीक्षा तिथि से 3 दिन पूर्व प्रश्न पत्र जिला स्तर पर पहुंचेगा। उक्त प्रश्न पत्रों के वितरण का दायित्व सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक का होगा। परीक्षा तिथि से 2 दिन पूर्व प्रश्न पत्र ब्लॉक स्तर पर पहुंचेगा। प्रश्न पत्रों के वितरण का दायित्व सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का होगा। परीक्षा तिथि से 01 दिन पूर्व प्रश्न पत्र पीईईओ स्तर पर पहुँचेगा। प्रश्न पत्रों के वितरण का दायित्व सम्बन्धित पीईईओ का होगा।

### राजकीय पॉलिटेक्निक में संविधान दिवस मनाया

**उदयपुर (पुकार)।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोगी तालाब में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सी.एस.टांक ने महाविद्यालय में संविधान पट्टिका का अनावरण किया। विद्यार्थियों ने संविधान के मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित भाषण, कविता आदि प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संविधान निंमाण प्रक्रिया के बारे मे बताया व संविधान के मूलभूत तत्वो को आत्मसात करने के लिये प्ररित किया इस अवसर पर अन्य प्रवक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत मे सभी को संविधान की शपथ दिलाई गयी।

### कृषि मंडी के लोडिंग ऑटो चालक हड़ताल पर

**उदयपुर (पुकार)।** कृषि मंडी के लोडिंग ऑटो चालकों ने कृषि मंडी परिसर में सवारी ऑटो चालकों द्वारा अवैध रूप से दुकानों से कई क्विंटल माल लोड करने के विरोध में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की। यह जानकारी देते हुए कृषि मंडी लोडिंग ऑटो यूनियन के अध्यक्ष राजू मालवीय ने बताया कि कृषि मंडी में सवारी ऑटो चालको द्वारा दुकानों से माल लोड करना अवेध है जिसके खिलाफ जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग एवं कृषि मंडी के सचिव को कई बार संपर्क करके और ज्ञापन देकर इस अवैध एवं गैर कानूनी कार्रवाई को रोकने की मांग की लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से कृषि मंडी के लोडिंग ऑटो चालकों को अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। मालवीय ने बताया कि अगर शीघ्र ही इस बारे में प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर गोपाल सालवी, पुष्कर माली, भेरूलाल सालवी, मीठालाल बंजारा, नारायण सालवी आदि मौजूद थे।

### इनरव्हील दीवास का हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रोग्राम

**उदयपुर (पुकार)।** इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। क्लब की अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि जिसमें दिवास की सदस्य कविता जैन, (हेल्थ एंड वेलनेस कोच) ने संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली के लिए उपयोगी टिप्स दिए। लॉन्ग लाइफ वेलनेस सेंटर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ, खुशहाल और आर्थिक रूप से सशक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को न केवल फिट रहने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि यह भी समझाया गया कि अपनी फिटनेस को एक आय के अवसर में कैसे बदला जा सकता है। साथ ही, उन्होंने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुधार के सुझाव दिए और उन महिलाओं की प्रेरक कहानियाँ साझा कीं जिन्होंने स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता दोनों हासिल की हैं। कार्यक्रम में समीक्षा खंडेलवाल, आशा श्रीमाली, शशि मेहता, ललिता बाफना, सुलेखा मोगरा, विंकल मोगरा, वसंत राव नीलम खंडेलवाल जयश्री जैन, हेमलता दशोरा आदि उपस्थित रहे।

### ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन की दुकान पुनः संस्था को सुपुर्द करने पर अनुज्ञधारी का सम्मान

**उदयपुर (पुकार)।** दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन उदयपुर के आमजन में हर तरह से जन सहयोग के लिए एवं संस्था के हितों के लिए बहुत ही सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाता रहा है। इसी कड़ी में आज संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत ने बोहरा गणेश रोड लाइंस के प्रोपराइटर बाबू लाल चौधरी ने अपनी प्रतिष्ठान संस्था से अनुज्ञा पर ले रखा था। परन्तु अब उन्हें दुकान की आवश्यकता न होने पर संस्था को सुपुर्द कर दी जिस पर सरंक्षक पुष्पराज मेहता, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत, सहमंत्री मनप्रीत सिंह, पशुपति पुरोहित, कैलाश पूर्बिया, धर्मपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह एवं समस्त सदस्यों ने मिलकर बाबु लाल चौधरी को घोड़े पर बिठा कर फूल और माल्यार्पण कर सम्मान किया। संस्था प्रवक्ता हेमेन्द्र सिंह दवाणा ने धन्यवाद करते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों से लगातार संस्था अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत द्वारा अपनी पूरी सक्रियता से संस्था हितों को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद व्यवसायिक दुकानो का अलॉटमेंट किया जाएगा और संस्था के साथ साथ ट्रांसपोर्टर एवं ट्रक मालिको को व्यवसाय में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे है। संस्था परिसर को व्यसन मुक्त बनाने एवं धार्मिक गतिविधियों से लोगो को जोड़कर मानसिक शांति के लिए काम कर रहे है। साथ ही संस्था में हजारों पेड़ पौधे लगाकर संस्था को पर्यावरण के दृष्टिकोण हराभरा बनाया जा रहा है।



# विद्यापीठ में नव वर्ष में होगा संविधान कक्ष और पार्क का शुभारंभ – प्रो. सारंगदेवोत

**75वां संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को दिलाई गई संविधान की शपथ**



**उदयपुर (पुकार)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने ऐलान किया है कि विद्यापीठ में नव वर्ष पर एक भव्य 'संविधान कक्ष' और 'संविधान पार्क' का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यह पहल नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराने और संविधान के महत्व को रेखांकित करने के लिए की जा रही है।

वे मंगलवार को 75 वें संविधान दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि संविधान दिवस स्वतंत्र भारत के नागरिक होने का गौरव महसूस कराने के साथ-साथ हमें संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, 'संविधान किसी भी देश की रीढ़ होता है। हमें गर्व है कि हमारे पास विश्व का सबसे लंबा और मजबूत हस्तलिखित संविधान है। संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और कर्तव्यों की पालना का संकल्प लेना है। '

**''नागरिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों की समझ जरूरी''**

प्रो. सारंगदेवोत ने इस अवसर पर कहा कि आम नागरिकों को संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों को समझने की आवश्यकता है। हम संविधान में दिए गए अधिकारों को हासिल करना चाहते हैं, तो इसके लिए नागरिकों को शिक्षित और जागरूक करना होगा। उन्होंने यह भी जोर दिया कि विधि के विद्यार्थी इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करना भी अनिवार्य है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग और कर्तव्यों के प्रति उत्तरदायी बनेंगे, तभी देश उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. रचना राठौड़ ने किया। संगोष्ठी में डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया सहित कई शिक्षाविद और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के महत्व और इसके पालन में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरणा ली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स और संकाय सदस्यों को संविधान के प्रति जागरूक करने और इसके अधिकारों एवं कर्तव्यों की पालना की शपथ दिलाई। इधर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विधि महाविद्यालय में भी संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल प्रो एस एस सारंगदेवोत साहब ने बताया कि इस दिन का महत्व भारतीय संविधान के अंगीकरण की याद दिलाने के लिए होता है, जो 26 नवंबर 1949 को हुआ था और 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो कला मुनेत ने बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के उद्देशिका का पाठ किया और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः व्यक्त किया ताकि लोग भारतीय संविधान के महत्व को समझ सकें और संविधान के प्रावधानों का पालन करने के लिए प्रेरित हो सकें।

## अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन




**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरूण कुमार और चित्तौड़ प्रांत संघचालक जगदीश सिंह राणा ने भारत माता एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। सेक्टर 4 स्थित विद्या निकेतन परिसर में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को प्रकाशित किया गया। भारत वर्ष को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाले ज्योतिर्लिंगों के जीर्णोद्धार, धर्मशाला एवं बावड़ियों का निर्माण, पंचायत एवं न्याय व्यवस्था के सुधार, कृषि एवं सामाजिक सुधार, महिला सैन्य दल का गठन, विपरीत परिस्थितियों, कूटनीतिक एवं नेतृत्व क्षमता सहित अनेक प्रसंगों को रेखांकित किया गया। प्रदर्शनी में विविध संगठनों द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की भी जानकारी साझा की गई।

## सह सरकार्यवाह ने किया पाथेय कण के महिला सम्मान विशेषांक का विमोचन




**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अतुल लिमये ने उदयपुर में जागरण पत्रिका पाथेय कण के 'महिला सम्मान एवं सुरक्षा विशेषांक' का विमोचन किया। पाक्षिक पत्रिका के 1 व 16 नवंबर के इस संयुक्त अंक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा महिला गरिमा पर पारित प्रस्ताव और संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत द्वारा भारतीय विमर्श के संदर्भ में स्त्री सशक्तिकरण पर दिया गया उद्बोधन शामिल है। आलेखों के अंतर्गत नारी है शक्तिस्वरूपा, बेटी-माँ मित्रवत संबंध, महिला सुरक्षा एवं सावधानियां, लव जिहाद, वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा विज्ञापन में महिलाओ की गलत छवि प्रस्तुत करना, स्त्री सशक्तिकरण एवं पश्चिमी जगत का पाखण्ड और सांस्कृतिक मार्क्सवाद के तहत माय लाइफ माय चोइस का षड़यंत्र आदि विषय से संबंधित हैं। इस अवसर पर सह सरकार्यवाह के साथ मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक जगदीश सिंह राणा, स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय समन्वयक डॉ भगवती प्रसाद शर्मा, राष्ट्र सेविका समिति प्रांत संयोजिका रीना शुक्ला और विभाग संयोजिका महिला समन्वय रुचि श्रीमाली भी उपस्थित रहे।

## 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शहीद वीरों को श्रद्धांजलि



**उदयपुर (पुकार)।** मुंबई में 26/11 आतंकी हमले की 16वीं बरसी पर डॉ. अनुष्का ग्रुप परिसर (सेक्टर-3) में शहीद सुरक्षा जवानों और निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय संप्रभुता बनाए रखने के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली।

डॉ. अनुष्का ग्रुप के सचिव राजीव सुराणा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 16 वर्षों बाद भी इस घटना की पीड़ा हर भारतीय के दिल में जीवित है। उन्होंने कहा कि आज का दिन केवल याद करने का नहीं बल्कि यह दृढ़ संकल्प लेने का है कि हम देश की एकता और अखंडता को बनाए रखेंगे। यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और देश को प्रगति की राह पर आगे ले जाने का आधार बनेगी।

संविधान दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए संस्थान के संस्थापक डॉ. एस.एस. सुराणा ने कहा कि हमारा संविधान केवल एक पुस्तक नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय चेतना, एकता और देश की प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो संविधान में निहित अधिकारों, सिद्धांतों और कर्तव्यों का पालन प्रत्येक नागरिक को करना होगा।

इस अवसर पर संस्थान के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ भूपेश परमार, प्रणय जैन, जितेंद्र मेनारिया, ध्रुव टांक, डॉ. हेमंत बाबेल, लोकेंद्र सिंह राठौड़, प्रवीण सुथार, मीनल शर्मा, गिरजा सालवी, हर्षिता चौहान, भारत वैष्णव, माधुरी वेद और दिव्या पानेरी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सभी ने देश की एकता, शांति और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रेरणा ली।

**शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित** : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने ताज होटल पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन कांग्रेस मीडिया सेंटर, रक्षाबंधन धानमंडी में आयोजित किया गया। पंकज शर्मा ने हमले में शहीद हुए वीर जवानों और निर्दोष नागरिकों की शहादत को नमन करते हुए कहा, यह घटना भारत के इतिहास में एक काला अध्याय है। '26/11 का दिन हमें देश की सुरक्षा और एकता के लिए सतर्क रहने का संदेश देता है। हमारे सुरक्षाबलों ने इस दिन अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। '

### लालीवाव में विराट धार्मिक महोत्सव का समापन आज

**बांसवाड़ा (पुकार)।** बांसवाड़ा शहर के लालीवाव मठ में 20 नवम्बर से चल रहे विराट धार्मिक महोत्सव का समापन 27 नवम्बर, बुधवार को होगा। महोत्सव संयोजक पं. भुवन मुकुन्द पण्ड्या ने बताया कि आठ दिवसीय धार्मिक महोत्सव के समापन दिवस पर बुधवार को अग्रमलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा प्रातः 10 बजे आरंभ होगी। दो घण्टे की कथा के उपरान्त श्रीविद्या एवं लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति मध्याह्न काल में होगी। इसके बाद महाप्रसाद( भण्डारा) शुरू होगा।

## प्रजापति नगर में हो रही रामलीला के नौवे दिन लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन





**उदयपुर (पुकार)।** भारत के प्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडल काशी द्वारा सुंदर वास प्रजापति नगर उदयपुर में ऐतिहासिक रामलीला का आयोजन किया जा रहा है नौवे दिन की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति की रामलीला का मंचन किया गया रामायण परिवार के द्वारा अटूट भाई प्रेम का प्रसंग दिखाया गया। भगवान प्रभु रामचंद्र लंका पर विजय पाने के लिए पहुंचते हैं जहां लक्ष्मण और मेघनाथ का घमासान युद्ध होता है मेघनाथ लक्ष्मण के ऊपर वीर घातनी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करता है लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं यह दृश्य देख दर्शकों के आंखों से आंसू भी छलकने लगे काशी के कलाकारों द्वारा संजीव चित्रण किया जा रहा है पूरे रामा दल में कोलाहल मच जाती है तब हनुमान लक्ष्मण को राम के समीप ले जाते हैं वहां प्रभु राम बहुत विलाप करते हैं उनके आंखों से आंसुओं की धारा चल देती है यह दृश्य देख दर्शक भी रोने लगते हैं तब हनुमान महाराज को जामवंत कहते हैं लंका में सुखेन वेद रहता है उसे लाऐ तो लक्ष्मण का प्राण बच सकता है सुखेन वैद्यता है और बताते हैं कि सजीवन बूटी आए तो लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं तब हनुमान महाराज संजीवन बूटी लेकर आते हैं और लक्ष्मण के जीवित होते ही जयकारों से पूरा पंडाल गुजने लगता है। इस अवसर पर प्रजापति समाज के गौरव प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु प्रजापति, ने इस आयोजन को सबसे विशेष सहयोग किया और उन्होंने कहा यह प्रजापति समाज के लिए गौरव का विषय है कि एक तरफ 500 सालों के बाद भगवान श्रीराम अपने महल में विराजे हैं और यहां के लोग राम के दर्शन के लिए बहुत कम लोग पहुंच पाए श्रीराम स्वयं दर्शन देने आए हैं ऐसा विशाल आयोजन हो रहा है यह बिना श्रीराम की कृपा के संभव नहीं है इस पर दर्शकों ने जोरदार ताली बजा के उनका स्वागत भी किया कार्यक्रम में अतिथि सचिव गोपाल प्रजापत, मांगीलाल लोहार, पिंटू प्रजापत, कमलेश प्रजापत, संजय प्रजापत, महिपाल सिंह राठौड़ एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**जंतर मंतर पर हुई राष्ट्रीय ठगी पीड़ित महापंचायत**

## उदयपुर लौटे आंदोलन कारियों ने धरने के 86वें दिन दीप जलाकर किया विरोध प्रदर्शन



**उदयपुर (पुकार)।** 25 नवम्बर को दिल्ली में जंतर मंतर पर हुई महापंचायत में आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट भरत कुमावत ने दिल्ली की सरकार को लोक कल्याण के प्रति संवेदन हीन करार देते हुए देश में सैकड़ों जगह पिछले 85 दिनों से धरने तथा हजारों ज्ञापनों के बावजूद भी प्रधानमंत्री द्वारा संज्ञान नहीं लेकर देश को मूल मुद्दों से भटका रहे हैं और लाखों आत्महत्याओं और करोड़ों लोगों के नारकीय गरिमाहीन जीवन जीने को मजबूर होना सरकार की अराजकता और विफलता का परिणाम है इसलिए कुमावत सहित हजारों ठगी पीड़ितों ने एक सौ अस्सी दिनों में बड्स एक्ट 2019 को सक्रियता से लागू करके मतदान केंद्रों पर ही भुगतान करवाने की मांग की। राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज राजपुरोहित ने बताया कि संसद के घेराव और पवित्र नदियों के जल से पवित्रीकरण करने देश भर से लगभग दस हज़ार आंदोलनकारी सोमवार को अलग अलग राज्यों से दिल्ली पहुंचे तथा छापामार पद्धति अपनाते हुए विभिन्न मार्गों से छोटी छोटी टुकड़ियों में बंटकर अचानक संसद मार्ग में घुसकर रकाबगंज साहेब पर बड़ी भारी संख्या में एकजुट होकर संसद की दीवार तक पहुंच गए जिससे राजधानी में हड़कंप मच गया और आनन फानन में भारी मात्रा में पुलिस अधिकारी पहुंचे और माहौल गरमा गया।

जहां पर भारी मात्रा में पुलिस बल ने घेरकर संसद की धुलाई करने घुस रहे आंदोलकारियों को रोका तो हजारों आंदोलनकारियों ने रोड़ जाम कर दी और पुलिस व आंदोलनकारियों में तीखी झड़प हो गई। आंदोलन कारियों का नेतृत्व ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के संस्थापक मदन लाल आज़ाद, महामंत्री एडवोकेट भरत कुमावत, मनोज राजपुरोहित, अशोक कुमार मुद्गल व राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एम पी शर्मा कर रहे थे। बड़ी संख्या में राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना वपश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में ठगी पीड़ित राजधानी नई दिल्ली में संसद पर प्रदर्शन करने पहुंचे। रोड़ जाम खुलवाने के लिए पुलिस ने समझाइश की तो आंदोलनकारी संसद का पवित्रीकरण करने देने की माँग पर अड़ गए तथा प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री या गृह मंत्री से मिलने की शर्त पर ही मानने की कही जिसपर दिल्ली ज्वाइंट कमिश्नर सीपी जैन मौके पर आए तथा ठगी पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल को संसद भवन में अधिकारियों से मिलवाने, जंतर मंतर पर महापंचायत करने तथा सभी आंदोलनकारियों को सम्मान सहित वाहनों में जंतर मंतर छुड़वाने पर सहमति बनने पर आंदोलनकारी माने।

**जोश, उमंग, मस्ती, रोमांचक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों का समागम**

## 'अर्न एंड लर्न' की थीम पर कार्निवाल का आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की कन्या इकाई में अर्न एंड लर्न की थीम पर कार्निवाल (मेले) का आयोजन बीएन कन्या इकाई के परिसर में हुआ। जहां मेलार्थियों के जोश, उमंग, मस्ती, रोमांचक खेलों और स्वादिष्ट भारतीय पारंपरिक व्यंजनों, चाटमसालों के जायके सभी को आनन्द रस से सराबोर कर रहे थे।

विद्यार्थियों में मेले को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्निवाल का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चैयरपर्सन एवं विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत, विद्या प्रचारिणी सभा के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ आदि ने फीता खोलकर किया।

प्रो कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होते हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थी बाजार की मांग और पूर्ति जैसी अवधारणाओं को भी समझ सकने में समर्थ हो सकेगे। वे विद्यार्थी जो मेले जैसी संकल्पनाओं से परिचित नहीं है उन्हें मेले में बिक्री संबंधी तथ्यों से परिचित हो सकेंगे। विद्यार्थी मेले का आनन्द भी ले पायेंगे। उन्होंने कहा कि आज का समय अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का समय है। ऐसे मंच विद्यार्थी को एक बेहतर मंच उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने शुभकमनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए और इसके स्तर को भी वृहद किया जाना चाहिए। डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशल के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करते हैं। मोहब्बत सिंह राठौड़ ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता से सक्षम बनाने के लिए कृतसंकल्प है।

इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास प्रबल होता है। लकी ड्रा के परिणामों की घोषणा करते हुए कुलचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने कहा कि मेले में विद्यार्थियों का उत्साह काबिले तारीफ है। इस प्रकार के आयोजन स्वरोजगार की प्रवृत्ति का विकास करते हैं। आगे भी इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ शिल्पा राठौड़ ने बताया कि विद्यार्थियों में अपनी स्वनिर्मित वस्तुओं के विपणन की कला को विकसित करने के उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया गया है। आज बदलते समय के साथ यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपने उत्पादों को किस तरह से बेचें। इसी उद्देश्य को लेकर कमाओ और सीखो की थीम पर इस मेले का आयोजन किया गया है। यह नवाचार किया गया है। जिसमें विद्यार्थियों का अतिउत्साह देखने योग्य है। आगे भी इस तरह के मेले को विशाल स्तर पर आयोजित करने की परिकल्पना है। विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ तैयारियां की हैं और वे अपने हुनर से निर्मित उत्पादों को बेचने के लिए लालायित भी दिखाई दिए। कहीं राब का धुआं सर्दी को मात दे रहा था तो कहीं चाट की खुशबू मेलार्थियों को अपनी ओर खींच रही थी।

गोलगप्पे खाने की आतुरता लम्बी लाइनों से पता चल रही थी। कही रेजिन की कलाकृतियां थीं तो कहीं धागों से बने उत्पाद भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे थे। मेला अपने पूरे परवान पर चढ़ा हुआ था। कोई खेल में अपनी चतुराई दिखा रहा था तो कोई अपने रुपये वसूल होने पर प्रसन्न हो रहा था। मेला संयोजक डॉ. कंचन राठौड़ व डॉ. लोकेश्वरी राठौड़ ने बताया कि चालीस से अधिक स्टॉल विद्यार्थियों ने लगाई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूती प्रदान करने के साथ एक मंच प्रदान करना है जिससे ये विद्यार्थी आगे भविष्य में वृहद् स्तर पर अपने हुनर को बिक्री के लिए तैयार कर सकें व उन्हें बेच सके। मेले में विभिन्न संकायों और विभागों के द्वारा अपने स्टॉल लगाये गये हैं। मेले में लकी ड्रा भी निकाला गया। मेले के सफल आयोजन में संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

## राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रति. के दूसरे दिन खासा उत्साह



**उदयपुर (पुकार)।** राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को जनजाति खिलाड़ियों ने पूर्ण उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। महाराणा प्रताप खेलगांव में तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल की प्रतियोगिता हुई। टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के नरेंद्र भूरिया एवं जिला खेल अधिकारी डॉ. महेष पालीवाल एवं सिरोही से भीकसिंह ने खेलगांव में खेलों का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को हुए विभिन्न खेल मुकाबले के परिणाम में बास्केटबॉल छात्र वर्ग में उदयपुर प्रथम, बांसवाड़ा द्वितीय व प्रतापगढ तृतीय रहे वहीं छात्रा वर्ग में बासवाडा प्रथम, उदयपुर द्वितीय एवं डूगरपुर तृतीय रहे। फुटबॉल में छात्र वर्ग में फाईनल बासवाडा से उदयपुर एवं तृतीय स्थान हेतु डूगरपुर से सलूम्बर से एवं वॉलीबॉल बालिका वर्ग में विजेता डूंगरपुर प्रथम, बासवाड़ा द्वितीय व सिरोही तृतीय एवं बालक वर्ग में उदयपुर प्रथम, डूंगरपुर द्वितीय एवं बासवाडा तृतीय रहे। तीरन्दाजी प्रतियोगिता में तनवी कटारा, पीकी मईडा, हिमाक्षी कोटेड व बालक वर्ग में विजयपाल निनामा प्रथम, मनोज निनामा द्वितीय व विष्वदिपक रंगात तृतीय रहे। वहीं एथलेटिक प्रतियोगिता में विजेता टीम सिरोही गोल्ड 4 सिल्वर 1, उपविजेता बांसवाडा गोल्ड 1 सिल्वर 1 कास्य 1 तथा तृतीय उपविजेता प्रतापगढ सिल्वर 1 कांस्य 5 एवं बालक वर्ग में विजेता टीम प्रतापगढ गोल्ड 3 सिल्वर 1 कास्य 2, उपविजेता डूंगरपुर गोल्ड 2 सिल्वर 1, द्वितीय उप विजेता बांसवाडा गोल्ड 1, सिल्वर 4 कांस्य 2 तथा तृतीय उपविजेता उदयपुर गोल्ड 1 कांस्य 2 रहे।

# भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

**प्रह्लाद सबनानी**

पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है। भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं - एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है। पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है। परंतु, हिंदू आर्थिक चिंतन के आधार पर खड़े एकात्म मानववाद का आधार अथवा केंद्र परमार्थ है। इसलिए एकात्म मानववादी आर्थिक विकास में विकास केवल अर्थ के लिए नहीं वरन परमार्थ के लिए है। हिंदू आर्थिक दर्शन परम्परा में विकास की अवधारणा को समग्रता में व्यक्त किया गया है। यह विकास त्रिगुण आधारित है। इस त्रिगुण में- सत, रज एवं तम सम्मिलित है। प्राचीन भारतीय चिंतन में सत्तवादी विकास श्रेष्ठ माना गया है। इस सत्तवादी विकास के तत्व हैं ज्ञान, तपस्या, सदकर्म, प्रेम एवं समत्वभाव तथा इसकी उपस्थिति सतयुग में मानी गई है। विकास का दूसरा स्वरूप रजस को माना गया। इस रजसवादी विकास के तत्व हैं अहंबुद्धि, प्रतिष्ठा, मानबढ़ाई, लौकिक, पारलौकिक सुखा मत्सर, दम्भ एवं लोभ तथा इसकी उपस्थिति त्रेतायुग में मानी गई है। इसे मानवीय और मध्यम



माना गया है। इसी प्रकार, विकास का तीसरा स्वरूप तमस को माना गया है। इस तमसवादी विकास के तत्व हैं असत्य, माया, कपट, आलस्य, निंदा, हिंसा, विषाद, शोक, मोह, भय तथा इसकी उपस्थिति कलयुग में मानी गई है। इस प्रकार सत, रज एवं तम गुणों के आधार पर उक्त विकास के तीन रूपों के साथ एक मिश्रित विकास का भी मॉडल माना गया है, जिसमें रजस एवं तमस गुण मिले होते हैं और इस मॉडल की उपस्थिति द्वापर युग में मानी गई है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा में विकास के उक्त चार प्रारूप माने गए हैं। इन चारों प्रारूपों का उपयोग चार युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग में होता पाया गया है। इसमें सबसे उत्तम सतयुगी विकास प्रारूप को माना गया है तथा सबसे अधम कलियुगी विकास प्रारूप को माना गया है। भारत में, वर्तमान खंडकाल में त्रेतायुग के रामराज्य को भी बहुत अच्छा माना गया है एवं इसके स्थापना की कल्पना की जाती रही है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने महात्मा गांधी जी के ट्रस्टी शिप एवं हिंद स्वराज्य के विवेचन को भी अपने विमर्श में स्थान दिया है। इस प्रकार भारतीय चिंतन परम्परा का आदर्श रामराज्य है, इसमें भरत जैसे राजा एवं जनक जैसे राजा तपस्वी के रूप में राज्य करते थे। स्वयं श्रीराम धर्म की मर्यादा को अपने लिए भी लागू करते थे एवं धर्म की मर्यादा का कभी भी उल्लंघन नहीं करते थे। सदैव प्रजा एवं प्रकृति की रक्षा एवं संवर्धन करते रहते हैं। यह एक ऐसा विकास का प्रारूप है जो आज भी आदर्श है। रामराज्य की अवधारणा भी एकात्म मानववाद के आधारों पर खड़ी थी। यह शासन तथा विकास एवं व्यवस्था में सब की भागीदारी तथा सब के लिए व्यवस्था थी, जो प्रकृति आधारित विकास पर बल देती थी। भारत में सबसे छोटी इकाई व्यक्ति पर बल दिया गया है और उसका संगठन किया गया है। भारत में व्यक्ति के स्वरूप को जिस प्रकार संगठित और एकात्म किया गया वैसा पश्चिम में नहीं हो सका है। पश्चिम में केवल भौतिक प्रगति पर ही बल दिया गया है। पूरे विश्व में आज सर्वाधिक विकसित राष्ट्र अमेरिका को माना जाता है। अमेरिका में नागरिकों की भौतिक प्रगति तो बहुत हो गई है, परंतु अमेरिका के नागरिकों में सुख, संतोष और समाधान का पूर्णतया अभाव है। अमेरिका में व्यक्ति के जीवन में परस्पर विरोध, असमाधान, असंतोष, सर्वाधिक अपराध और आत्महत्याएं बहुत बड़ी मात्रा में व्याप्त हैं। अमेरिकी नागरिकों में तीव्र रक्तचाप, हृदय रोग एवं अपराध की प्रवृत्ति बहुत अधिक मात्रा में पाई जा रही है। पूरे विश्व को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाला अमेरिका अपने नागरिकों के लिए भौतिक समाधान से आगे बढ़कर मानसिक समाधान प्राप्त नहीं कर सका है। इस धरा पर जन्म लेने के बाद प्रत्येक व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य आखिर है क्या? सम्भवतः सुख जो चिरंतन एवं घनीभूत हो। इतनी भौतिक प्रगति करने के बाद भी अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के नागरिकों में समाधान व सुख का अभाव है। ईसा ने कहा था कि 'सम्पूर्ण संसार का साम्राज्य भी प्राप्त कर लिया और यदि आत्मा का सुख खो दिया तो उससे क्या लाभ?' भारत में छोटी से छोटी इकाई व्यक्ति संगठित और एकात्म है एवं व्यक्ति को खंडो में विभक्त समझने की बुद्धिमता प्रदर्शित नहीं की गई है। परंतु, अमेरिका के एक मनोवैज्ञानिक ने वर्णन किया है कि 'सड़कों पर एक ऐसी बड़ी भीड़ हमेशा लगी रहती है जो आत्मविहीन, मानसिक दृष्टि से अस्वस्थ, एक दूसरे से अपरिचित और निःसंग स्थिति में है। उनका अपने ही साथ समन्वय नहीं तो दुनिया के साथ क्या होगा? व्यक्ति का समाज के साथ समन्वय नहीं। व्यक्ति भी संगठित और एकात्म इकाई नहीं। केवल भौतिक स्तर पर विचार करने के कारण वहां व्यक्ति को भौतिक एवं आर्थिक प्राणी माना गया है। यदि भौतिक आर्थिक उत्कर्ष मानव को मिले तो उससे सुख की प्राप्ति होगी, यह माना गया। किंतु भौतिक आर्थिक उत्कर्ष की चरम सीमा होने पर भी सुख का अभाव है और इसका कारण यही है कि वहां खंड खंड में विचार करने की प्रणाली है, जिसमें व्यक्ति को केवल भौतिक आर्थिक प्राणी मान लिया गया है और व्यक्ति के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर संगठित एवं एकात्म रूप में विचार नहीं किया गया है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में यह माना गया है कि मनुष्य एक आर्थिक प्राणी भी है एवं 'आहार, निद्रा, भय, मैथुन, आर्थिक आवश्यकताओं, आदि' की तृप्ति की बात भारत में भी कही गई है। इन जरूरतों की पूर्ति होना चाहिए, इस तथ्य को भी स्वीकार किया गया है। किंतु भारत में मनुष्य को आर्थिक प्राणी से कुछ ऊपर भी माना गया है। मनुष्य आर्थिक प्राणी के साथ साथ वह एक शरीरधारी, मनोवैज्ञानिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक प्राणी भी है। भारतीय मनुष्य के व्यक्तित्व के अनेकानेक पहलू है। अतः यदि सम्पूर्ण व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का संगठित और एकात्म रूप से विचार नहीं हुआ तो उसको सुख समाधान की अवस्था प्राप्त नहीं हो सकती। इसलिए भारत में इस दृष्टि से संगठित एवं एकात्म स्वरूप का विचार हुआ है। मनुष्य की आर्थिक एवं भौतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर यह कहा गया है कि इन वासनाओं की तृप्ति होनी चाहिए लेकिन साथ ही यह भी कहा गया है कि इन आवश्यकताओं पर कुछ वांछनीय मर्यादा होना भी आवश्यक है।

# महाराष्ट्र-झारखंड में सियासी सूझबूझ मस्त, अहंकार पस्त

**कमलेश पांडेय**

खास बात यह है कि महाराष्ट्र के शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा एनसीपी नेता व उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी अपने-अपने दल को तोड़ने के बावजूद अपनी-अपनी पार्टी की विरासत पर पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है।

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा की दो सीटों और विभिन्न दर्जनाधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम चौंकाने वाले हैं। ये चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट इशारा कर रहे हैं कि मतदाताओं ने जहां सियासी सूझबूझ को ग्रेस देते हुए मस्त कर दिया है, वहीं राजनैतिक अहंकार को पूरी तरह से पस्त करके जमीन पर ला दिया है। मतलब यह कि पारस्परिक सिरफुटौव्वल को सिरे से खारिज कर दिया है।



दो टूक शब्दों में कहें तो मतदाताओं ने जहां महाराष्ट्र के भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सहयोगियों सहित और झारखंड के जेएमएम नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साथियों सहित अपनी-अपनी सियासत को नए सिरे से आगे बढ़ाने का मौका दिया है।

वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एनसीपी शरद पवार के नेता शरद पवार/सुप्रिया सुले, शिवसेना यूटीबी के नेता उद्धव भाऊ ठाकरे, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव आदि को जोर का झटका धीरे से दिया है, क्योंकि इनके बीच समुचित सामंजस्य के अभाव को मतदाताओं ने समय रहते ही भांप लिया और इनकी उम्मीदों के विपरीत परिणाम दिया।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की लाज जनता ने बचा ली है। वहीं, पंजाब में आप-कांग्रेस की टक्कर एकबार फिर सामने आई है, जो आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी दिखाई देगी। वहीं, कांग्रेस नेत्री और वायनाड, केरल के लोकसभा उपचुनाव की प्रत्याशी प्रियंका गांधी को जीत देकर उनका राजनीतिक मार्ग प्रशस्त कर दिया है। जबकि महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की शिकस्त और बीजेपी को बढ़त मिली है।

खास बात यह है कि महाराष्ट्र के शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा एनसीपी नेता व उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी अपने-अपने दल को तोड़ने के बावजूद अपनी-अपनी पार्टी की विरासत पर पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है। उनके इस मिशन को पूरा करने में भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के चमत्कारिक नेतृत्व के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। कुल मिलाकर एक ओर महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति (गठबंधन) को प्रचंड जीत मिली है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफलता हासिल कर ली है। अब इनका मुख्यमंत्री कौन होगा और उनका मंत्रिमंडल कैसा होगा, इसको लेकर माथापच्ची शुरू हो चुकी है।

वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, एनसीपी शरद पवार और शिवसेना यूटीबी के महाविकास अगाड़ी के अलावा यूपी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और बिहार विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के निराशाजनक प्रदर्शन से इनकी आंतरिक रस्साकशी का भी भंडाफोड़ हो चुका है। इससे इनके लोकसभा चुनावों के संयुक्त प्रदर्शन पर भी पानी फिर गया है। इससे सेक्यूलर मतदाताओं में भी गहरी निराशा छा गई है। हालांकि, झारखंड में कांग्रेस और राजद को मिली जीत से पार्टी के नेतृत्व को थोड़ी राहत मिली है।

वहीं, एनडीए की जोरदार सफलता से विकास, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की भावना एक बार फिर उफान पर है, क्योंकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के %बटेंगे तो कटेंगे% के नारे और पीएम नरेंद्र मोदी के %एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे% के नारों का असर महाराष्ट्र से लेकर यूपी-बिहार तक दिखाई पड़ा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश से लेकर असम तक इसका असर पड़ा है। लेकिन झारखंड में यह नारा कैसे मिस्फायर कर गया, यह शोध का विषय है। वहीं, बंगलादेशियों/रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा भी यहां फेल हो गया, क्योंकि इनलोगों ने गोलबंद होकर इंडिया गठबंधन को पोल कर दिया। वहीं, लाडली बहना योजना की सफलता ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार को फिर से वहां लौटने का मौका दिया है। वहीं, केरल और कर्नाटक में कांग्रेस की सियासी इज्जत बच गई है।

बता दें कि लगभग एक दर्जन से अधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों सहित लोकसभा की 2 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे और इनके रुझानों से उपर्युक्त आशय के संकेत मिले हैं। इन 48 सीटों में से यूपी की 9 सीटों पर देशभर की निगाहें लगी हुई हैं, जहां बीजेपी नेता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 सीट जीतकर एकबार फिर अपना जलवा दिखा दिया है, जबकि सपा को मात्र 2 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जिससे उसके पीडीए का दम्भ चकनाचूर हो गया। उधर, बिहार में राजद विस उपचुनाव वाली चारों सीटों पर पिछड़ती चली गई, जिससे तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर अब सवाल उठने लगा है। इसके अलावा वायनाड सीट के रिजल्ट को लेकर भी काफी उत्सुकता है, जहां से प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की है। साथ ही राजस्थान में 7, पश्चिम बंगाल में 6, असम में 5, पंजाब और बिहार में 4-4 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे से जहां सत्ताधारी गठबंधन सब पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। वहीं, कर्नाटक और केरल में 3-3 सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस गठबंधन की लाज बच गई है। इनके अलावा उत्तराखंड की केदारनाथ सीट पर नजरें टिकी हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। इससे साफ है कि महाराष्ट्र-झारखंड में सियासी सूझबूझ मस्त साबित हुआ, जबकि अहंकार पस्त हो गया।

# सुर्खियां बटोरने के लिए यूपी के महिला आयोग का पैतरा

**योगेंद्र योगी**

आयोग की इस सिफारिश को अब शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। आयोग के इस प्रस्ताव में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मौजूदा हालत जिक्र नहीं है। आयोग ने यह भी नहीं बताया कि सिफारिश में किए गए प्रावधान ही क्या महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। देश के संवैधानिक आयोग नखदंतविहीन हैं। ऐसे में भी आयोग के कर्ताधर्ता नेताओं की तरह व्यवहार करके आयोग की गरिमा को कम करने के साथ ही उपहास का पात्र बनते हैं। उत्तर प्रदेश के राज्य महिला आयोग ने इसी तरह का कृत्य करके अपनी महत्ता को कम करने का काम किया है। आयोग ने योगी सरकार को एक सिफारिश की। इसमें प्रदेश में पुरुष टेलर द्वारा महिलाओं के कपड़ों के माप लेने पर रोक लगाने, कोचिंग सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे, जिम में महिला ट्रेनर लगाने का जिक्र किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए आयोग ने यह प्रस्ताव भेजा है। आयोग का यह कृत्य दर्शाता है कि आयोग मूल उद्श्यो से भटक कर राजनीतिक पैतरेबाजी करने में जुटा है। आयोग को उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार करने से कोई सरोकार नहीं है। आयोग की इस सिफारिश को अब शासन से मंजूरी मिलने का इंतजार है। आयोग के इस प्रस्ताव में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मौजूदा हालत जिक्र नहीं है। आयोग ने यह भी नहीं बताया कि सिफारिश में किए गए प्रावधान ही क्या महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। आयोग ने अपराधों के बाद पुलिस कार्रवाई के तौर-तरीकों पर एक लाइन भी नहीं कही। बालिकाओं के शैक्षणिक स्थलों के पास छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मियों की स्थायी तैनाती पर आयोग चुप रहा। महिला आयोग ने यह भी नहीं बताया कि प्रदेश में इतनी संख्या में प्रशिक्षित महिलाएं का इंतजाम कैसा होगा। क्या सरकार इसके लिए महिलाओं के प्रशिक्षण का इंतजाम करने में सक्षम है। प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार के लिए महिलाओं को ऋण और स्थान इत्यादि की व्यवस्था कैसे होगी, इस पर आयोग की सिफारिश में कोई जिक्र नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा की चिंता करने वाला उत्तर प्रदेश का महिला आयोग यह भूल गया कि प्रदेश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था चरमराई हुई है। यात्रियों से ठसाठस भरे वाहनों में महिलाओं को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के लिए प्रदेश में अलग से परिवहन की व्यवस्था नहीं है। आरक्षित सीटों पर भी महिलाओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं से छेड़छाड़ की बात आम है। महिला हितों की पैरवी करने वाले महिला आयोग की निगाह यहां तक नहीं पहुंची। इसी तरह महिलाओं की बीमारियों से और प्रसूती की हालत से निपटने के लिए पर्याप्त चिकित्सकों और अस्पतालों की व्यवस्था नहीं है। आयोग ने पुलिस थानों में महिलाओं की पर्याप्त संख्या और महिला पुलिस थानों की जरूरत पर जोर नहीं दिया। महिलाओं के लिए आज भी पुलिस थानों में जाकर शिकायत दर्ज कराना आसान नहीं है। पुलिसकर्मी पीड़ित महिलाओं से किस तरह का व्यवहार करते हैं, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने माफिया और गैंगस्टरों को धूल चटाने में कसर बाकी नहीं रखी। प्रदेश से लगभग सभी बड़े माफिया और गैंगस्टर या तो मारे जा चुके हैं या फिर जेलों में बंद हैं। इसके बावजूद यह नहीं कहा जा सकता कि आम लोगों के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। पुलिस में भ्रष्टाचार और भेदभाव की घटनाएं आम हैं। आयोग ने इन तमाम मुद्दों को नजरंदाज कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों में महिलाओं की नियुक्ति की पैरवी करने वाला आयोग राज्य में महिलाओं के साथ हुए अपराधों पर सक्रिय कार्रवाई नहीं कर सका। हाथरस और उन्नाव कांड इसका उदाहरण है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए आयोग ने कोई भूमिका नहीं निभाई। 14 सितंबर, 2020 को हाथरस में एक दलित युवती के साथ चार पुरुषों ने सामूहिक बलात्कार किया। इसी तरह 4 जून, 2017 को उन्नाव में 17 साल की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। इसमें लड़की की मौत हो गई। ऐसे मुद्दों पर आयोग कोई ठोस सुझाव राज्य सरकार को नहीं दे सका। भारत में बाल मजदूरों का सबसे ज्यादा संख्या 5 राज्यों में है। सबसे ज्यादा बाल मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार से हैं। उत्तर प्रदेश में 21.5 फीसदी यानी 21.80 लाख और बिहार में 10.7 फीसदी यानी 10.9 लाख बाल मजदूर हैं। उत्तर प्रदेश में बाल मज़दूरों की संख्या 21.7 लाख है। यह यूपी की कुल आबादी का 21 फ़ीसदी है। हालांकि यह मुद्दा सीधा महिला आयोग के तहत नहीं आता, फिर कोई महिला अपने कलेजे के टुकड़े से मजदूरी कैसे करवा सकती है। महिला आयोग ने कभी इस पर विचार नहीं किया।

# हमारा संविधान: कितना सफल, कितना विफल

**प्रो. मनोज डोगरा,**

भारत के संविधान पर भले ही अन्य विदेशों के संविधानों का थोड़ा या ज्यादा प्रभाव जरूर पड़ा हो, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि हमारे संविधान पर हमारी पुरातन भारतीय संस्कृति की अमिट छाप है। इसे हम सबने आत्मार्पित किया हैज् विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन करने के पश्चात जो हमारे देश के प्रति अनुकूल हो, ऐसी व्यवस्थाओं को अपनाकर देश की स्थितियों के अनुसार परिवर्तन कर, उन्हें लागू करने की गाथा अपने आप में एक गौरवमयी यात्रा रही है। इससे भी अधिक भारतीय संविधान निर्माण की गाथा ऐतिहासिक भी रही है, क्योंकि जब भारत स्वतंत्र हुआ तो नीति निर्माताओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती देश को संचालित करने के लिए अपने कानून, नियमों का होना था, जिसकी पूर्ति के लिए संविधान सभा का गठन हुआ, जोकि देश के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिनिधि थी। भारतीय संविधान की रचना भी कोई एक दिन की कहानी नहीं है, बल्कि कई वर्षों के अथक प्रयासों का सम्मिलित रूप है। आज की पीढ़ी को सब कुछ थाली में सजा-परोसा मिलता है न, इसीलिए उसे इसकी कीमत पता नहीं है। हमारे देश ने करीब दो सौ सालों तक केवल ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी झेली है। यह समय कितना असहनीय और पीड़ादायी रहा है, यह हमारे लिए कल्पना के भी परे है। किसी भी देश-समाज के संतुलित विकास में उस देश के नियम व कानून बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत में इन कानूनों-नियमों का शासन शास्त्र संविधान कहलाता है। शासन प्रशासन की शक्तियों का स्त्रोत हमारा भारतीय संविधान अपने आप में एक विशेष आयाम रखता है जिस आधार पर ही इसे विश्व के सबसे लंबे व विस्तृत संविधान होने का गौरव प्राप्त है। हम सभी बेहद भाग्यशाली हैं, जो हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया। हम कुछ भी कर सकते हैं, कहीं भी आ-जा सकते हैं। कुछ भी बोल सकते हैं। जरा सोचिए, कितना हृदय विदारक होता होगा, जब आपको बात-बात पर यातनाएं दी जाती हों। भारत ने कभी गुलामी स्वीकार नहीं की, बल्कि सदैव संघर्ष किया तथा 1947 में अंग्रेजों को भगाया और देश के कुशल संचालन की चिंता चिंतन में परिवर्तित हुई तथा संविधान सभा ने संविधान को 26 नवंबर 1949 को पारित किया तथा 26 जनवरी 1950 से यह प्रभावी हुआ। 26 नवंबर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है, जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। 02 वर्ष 11 महीने 18 दिन तक चले रचना कार्य में निर्माताओं ने एक ऐसा कानूनी दस्तावेज तैयार किया जो वर्तमान की स्थिति, भविष्य की योजना व



पूर्व के इतिहास को एक साथ लेकर आगे बढ़ा और आज पूरे विश्व के लिए एक आदर्श मिसाल प्रस्तुत करता है। वर्तमान काल में चिंतन का विषय आ जाता है कि क्या 'शासन का शास्त्र' सही मायने में बन भी पाया है हमारा संविधान, या वास्तविकता कुछ और ही है? वैसे किसी भी राष्ट्र का सबसे पवित्र ग्रंथ उस देश का संविधान होता है, लेकिन भारत में अधिकांश लोगों को संविधान का सार, यानी प्रस्तावना तक का एक भी अंश याद नहीं होगा। लोगों को समझना होगा कि भारत के संविधान का जब निर्माण हुआ था तो यह देश की भौगोलिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक-सामाजिक विरासत व परिस्थितियों का एक प्रतिबिंब था। इसका अनुसरण करके हम भारत को समझ सकते थे। हमें यह 'शासन शास्त्र' ऐसे ही विरासत में नहीं मिला है। इसका एक-एक नियम, अधिकार, कर्त्तव्य, निर्देशक सिद्धांत, उपबंध व सभी व्यवस्थाएं कड़े संघर्ष के पश्चात हमें प्राप्त हुए हैं व विकट परिस्थितियों के बीच प्राप्त हुए हैं, लेकिन आज यह भारत का कानून है, देश का कोई भी व्यक्ति इस 'शासन शास्त्र' से उच्च नहीं है और न कभी हो सकता है। यही बात तो हमारे संविधान को जीवंत बना देती है। हमारा संविधान इसलिए भी विरला और जीवंत है क्योंकि भारत की प्रत्येक परिस्थिति के अनुसार इसमें उपबंध शामिल हैं।

# वैश्विक संघर्ष से भारत की आर्थिक चिंताएं

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढ़ने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, उनका उपयोग किया जाने लगा है। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष के लिए जो धनराशि आवंटित की गई है, उसका सदुपयोग होना चाहिए। यकीनन इस समय बढ़ते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-ईरान संघर्ष के कारण भारत की भी आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझे हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर और नवंबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट के महीनों के रूप में दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमतें बढ़ी हैं। एक चिंताजनक बात यह है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक



शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढने लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढने पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 21 नवंबर तक भारत के पास 650 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। यदि दुनिया के युद्धग्रस्त देशों में युद्ध और तेजी से बढ़ेगा, तो कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढने का सिलसिला शुरू हो सकता है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी, तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढने का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है, ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। यह भी चिंताजनक है कि अभी देश में महंगाई बढने का रुझान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 14 नवंबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढकर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है। बीते महीने खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें महंगी हो गई हैं। सितंबर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 1.84 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि 12 नवंबर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढक़र 6.21 प्रतिशत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### रजनीश प्रदेश खेल अध्यक्ष व दीपक जिला खेल अध्यक्ष नियुक्त



रजनीश भांड व दीपक धर्मानी

**राजसमंद (पुकार)।** अखिल राजस्थान जयकार विकास संस्था के प्रदेशाध्यक्ष भेरुलाल चारण एवं प्रदेश सचिव दुर्गालाल बारेठ के निर्देशानुसार युवा शाखा प्रदेशाध्यक्ष परसराम पोरवाड़ ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश खेल अध्यक्ष पद पर रजनीश भांड चित्तौड़ एवं राजसमंद जिलाध्यक्ष पद पर दीपक धर्मानी को नियुक्त किया है। इस मौके पर नियुक्त पदाधिकारी ने विश्वास दिलाया कि वह संस्था द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

### एडवोकेट चन्द्रशेखर आचार्य राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



एडवोकेट चन्द्रशेखर आचार्य

**राजसमंद (पुकार)।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय संरक्षक, कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष धनेंद्र कुमार पांडेय, उदयपुर संभाग प्रभारी नरोत्तम पालीवाल, जिला प्रभारी सुरेशचंद्र आमेटा एवं समस्त कार्यकरिणी की अनुशंसा पर पर राजसमन्द जिला उपाध्यक्ष के पद पर एडवोकेट चन्द्रशेखर आचार्य को नियुक्त किया।

### मेवाड़ महाराणा को उदयपुर सिटी पैलेस धूणी दर्शन व एकलिंगनाथ दर्शन परम्परानुसार करवाने की मांग

**राजसमंद (पुकार)।**24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ खमनोर ने मंगलवार को जिला कलेक्टर उदयपुर को एक पत्र भेजकर मेवाड़ महाराणा को रंगस्तुर रस्म के लिए उदयपुर सिटी पैलेस धूणी व एकलिंगनाथ मंदिर दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया। सेवा समिति अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल ने ज्ञापन में बताया कि मेवाड़ की यशस्वी परम्परा में नए महाराणा बनने पर धूणी व एकलिंगनाथ दर्शन करने की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस विषय में आवश्यक निर्णय लेकर ठोस कदम उठाकर शोक भंग की रस्म को पूरा कराया जाएं। इस दौरान समिति के महामंत्री सत्यनारायण सालोर, संगठन मंत्री शशिकांत महाकाली, कोषाध्यक्ष नारायण पालीवाल, जनावद सेवा समिति सदस्य भगवतीलाल पालीवाल धर्मेटा, बंशीलाल पालीवाल भैंसाकमेड, भंवरलाल पालीवाल, राजकुमार पालीवाल केलवा, मोहनलाल चारभुजा सहित आमजन उपस्थित थे।

### मेंटर मेंटी कार्यक्रम का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में संचालित पीएमश्री नंदलाल जोशी राउमावि में पीएमश्री योजना के अंतर्गत मेंटर मेंटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य उमेश



कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि एडीईओ शिवकुमार व्यास थे। कार्यक्रम में मुख्य वार्ताकार चावली चौधरी ने बालिकाओं के समक्ष चुनौतियां विषय पर वार्ता दी। कार्यक्रम प्रभारी पूजा ताम्रकार ने बताया कि उपप्रधानाचार्य रोशनलाल रेगर ने स्वागत उद्बोधन दिया। एडीईओ व्यास ने बताया कि जीवन में अवसर बार-बार नहीं आते अतः प्राप्त अवसर का उपयोग करके हमें लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। वार्ताकार चावली चौधरी ने बालिकाओं को दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों से संघर्ष करने एवं लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देकर आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया। साथ ही बालिकाओं में होने वाले मासिक धर्म को लेकर भ्रांतियां दूर की। प्राचार्य उमेश कुमार शर्मा ने अभिभावकों को पीएमश्री की अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। धन्यवाद उपप्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल नंदवाना ने ज्ञापित किया। संचालन रामगोपाल आचार्य एवं आशा खटीक ने किया। इस दौरान आनंदिता व्यास, मुरारीलाल मीणा, सुरेश कुमार कीर, निवेदिता शर्मा, करुणा सोनी, अंजना पंचोली, सिमरन, सरोज यादव, प्रियकांत, सरोज सेन, दिव्या भाटी, सुरेश पूर्बिया, कैलाश रेगर, प्रकाश सरगरा उपस्थित थे।

### महिला खो-खो में कन्या महाविद्यालय राजसमंद पहुंची फाइनल में

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भावा पंचायत के डूमखेड़ा चौराया स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की महिला खो-खो टीम



अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गई है। टीम प्रभारी सुनीता गोदारा ने बताया कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय राजसमंद की महिला खो -खो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच बुधवार को होगा। कन्या महाविद्यालय की महिला टीम ने राजकीय महाविद्यालय ऋषभदेव को सात अंक और एक पारी से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी प्रकार आर्ट्स कॉलेज उदयपुर को भी एक पारी से हराकर टीम ने फाइनल में जगह बना दी। महिला खो-खो टीम के फाइनल में पहुंचने पर प्राचार्य कुलदीप सिंह गहलोत तथा डॉ मुकेश कुमार मेनारिया ने हर्ष व्यक्त की।

# जिले भर में मनाया संविधान दिवस

## संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

















**राजसमंद (पुकार)।** शहर सहित जिले भर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान दिवस पर जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ कि अध्यक्षता एवं पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी के सानिध्य में मंगलवार सुबह 10:30 बजे सघन क्षेत्र विकास समिति में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ ने कहा कि 26 नवम्बर 2024 को भारत संविधान सभा द्वारा हमारे संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ का गौरवपूर्ण स्मरण करेगा। इसके बाद हम 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस मनायेंगे, जो 1950 में हमारे देश के गणतंत्र में परिवर्तन का प्रतीक है, जब संविधान लागू हुआ था। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर संविधान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सुनिश्चित किया कि यह न्याय, समानता और बंधुत्व का प्रतीक हो। केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने तब से हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी है और देश की सामाजिक-राजनीतिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज संविधान में निहित मूल्यों और संस्थानों को भाजपा शासन के तहत अभूतपूर्व खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों की एकीकृत रक्षा की आवश्यकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान और इसके द्वारा बनाए गए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इस उद्देश्य के प्रति समर्पण अटूट रहा है, जैसा कि भारत जोड़ो यात्रा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा और विभिन्न चुनाव अभियानों के दौरान उनके भाषणों से स्पष्ट है। राहुल गाँधी की अथक वकालत ने संविधान और कांग्रेस पार्टी की सभी के लिए न्याय और समानता की प्रतिबद्धता के बीच गहरे संबंध को मजबूत किया है। पूर्व जिला प्रमुख नारायण सिंह भाटी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा और इसको कमजोर करने का काम किया जा रहा है। जबकि हमारे संविधान ने हम सभी नागरिकों को कई महत्वपूर्ण अधिकार दिए और आज देश में व्यापक जाति जनगणना की आवश्यकता है। जिससे समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को बल मिलेगा और जो जाति आधारित असमानताओं को दूर करने के लिए कांग्रेस पार्टी के समर्पण को रेखांकित करता है। इस दौरान जिपस लहरुलाल अहीर, जिला प्रवक्ता कुलदीप शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र प्रतापसिंह, राजेश गुर्जर, शंकरलाल जाट, महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल, सेवादल जिलाध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली, एससी जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड़, उषा विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष नानालाल सर्दूल, हिमानी नंदवाना, मनीषसिंह राठौड़, खुमसिंह मुंदावत, चंचल नंदवाना, वरिष्ठ भेरूलाल जाट, युवा नेता अजयसिंह, देवीलाल बुनकर, सुरेश रेगर, भवानीराम कीर, शंकरलाल खटिक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जिला प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने किया।

**डॉ अम्बेडकर को किया नमन, संविधान बचाने की ली शपथ**

संयुक्त दलित मंच एवं अखिल भारतीय भीमसेना जिला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर 75वां संविधान दिवस संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर को नमन एवं संविधान को बचाने की शपथ के साथ उत्साह से मनाया गया। शहर के सौ फीट रोड स्थित अम्बेडकर सर्कल पर आयोजित कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपस्थित सदस्यों ने डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं सभी ने उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान संयुक्त दलित मंच संयोजक एसएल भाटी, अखिल भारतीय भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर, अजाक जिलाध्यक्ष पीके बुनकर, बाबा रामदेव सालवी समाज सेवा संस्थान पूर्व जिलाध्यक्ष बंशीलाल गोयल आदि ने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सभी को संविधान को बचाने के लिए मजबूती के साथ डटे रहने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही संविधान की रक्षा के लिए जन जागृति अभियान चलाने का निर्णय भी किया गया। जिसके तहत दलित व आदिवासी समाज को संविधान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई जाएगी। इस दौरान दलित एवं आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड़, वरिष्ठ संरक्षक किशन कबीरा, नारायण लाल पड़ियार, पूर्व जिलाध्यक्ष लालूराम बैरवा, शांतिलाल गुंदलिया, गोपीलाल पड़ियार, लता खिंची, महिला विंग तहसील अध्यक्ष रेखा जटिया, सागरमल, ओमप्रकाश, रमेशचन्द्र, हिम्मत सालवी, नरेन्द्र सालवी सहित समाजजन उपस्थित थे।

**बीएन कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं**

जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के की ओर से संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि छात्राओं के द्वारा संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पठन करवाया। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड़ ने इस कार्यक्रम में छात्राओं की रूचि, लगन, मेहनत की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। छात्राओं को बताया कि भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए भारतीय संविधान अनमोल है। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ संगीता मालपानी ने छात्राओं को मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, न्यायालय की जानकारी प्रदान की। कला संकाय के प्रभारी डॉ सम्पतलाल रेगर ने संविधान की रूपरेखा पर अपने विचार प्रकट किए। विभागाध्यक्ष डॉ पंकज राठौड़ ने अतिथियों और निर्णायक मण्डल का अभिवादन किया एवं निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान परिदृश्य में अम्बेडकर के विचारो की प्रासंगिकता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर मंजू पंवार, द्वितीय भावना कुमावत एवं तृतीय स्थान पर चेष्टा जोशी और शीतल दवे रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं के द्वारा भारतीय संविधान पर पोस्टर बनाए गए। जिसमें प्रथम स्थान पर मीरा राणावत, द्वितीय चंचल अलोडिया एवं तृतीय स्थान पर भाविका सालवी रही। प्रश्नोश्री प्रतियोगिता में छात्राओं को भारतीय संविधान और अम्बेडकर के विचारों पर प्रश्न पूछे गए। जिसमें प्रथम स्थान पर चंचल कुमावत, द्वितीय चेष्टा जोशी एवं तृतीय स्थान पर चंचल अलोडिया रही। निर्णायक डॉ संगीता मालपानी, डॉ धरा पालीवाल, कल्पा जोशी रहे। इस दौरान डॉ अनुसुया उपाध्याय, डॉ ललिता राठौड़, डॉ मंजु बोहरा आदि उपस्थित थे। धन्यवाद विभागाध्यक्ष डॉ पंकज राठौड़ ने ज्ञापित किया।

**एसआरके कॉलेज में मनाया संविधान दिवस**

एसआरके कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र एवं कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो सुमन बडोला ने संविधान की प्रस्तावना का पठन करवाया एवं संविधान दिवस की जानकारी प्रदान की। एसडीएम बृजेश गुप्ता ने छात्रों को वोटर हेल्पलाइन ऐप की माध्यम से मतदाता पंजीकरण के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान की। नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी हनुमंतसिंह चौहान ने छात्रों को युवा महोत्सव 2024-25 एवं माय भारत पोर्टल के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान की। स्वीप डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर महेंद्रसिंह झाला ने वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में जागरूक करते हुए छात्रों का रजिस्ट्रेशन करवाया। डॉ मीनाक्षी बोहरा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ गोपाललाल कुमावत ने विकसित भारत क्विज-नेशनल यूथ फेस्टिवल 2025 के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान की। संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्तमान परिदृश्य में अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम कन्हैयालाल तेली, द्वितीय खुशी वैष्णव और तृतीय स्थान निकिता दवे ने प्राप्त किया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य निर्मला मीणा, डॉ अनिल कालोरिया, डॉ मनदीपसिंह, नेहरू युवा केंद्र के शंकरलाल गाडरी एवं रामेश्वर दयाल शर्मा उपस्थित थे।

**राउप्रावि सथाना संविधान दिवस तथा स्वीप कार्यक्रम मनाया**

ग्राम पंचायत भाटोली के राउप्रावि सथाना में संविधान दिवस व स्वीप कार्यक्रम मनाया। बीएलओ ओम प्रकाश सेन ने मतदान का महत्व बताते हुए जागरूक मतदाता की शपथ दिलाई एवं 18 वर्ष के ऊपर सभी युवाओं अधिक संख्या में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक दशरथसिंह, अनीषा चौधरी, ओम प्रकाश कीर, कालू शंकर, अजय वैष्णव, दिनेश सनाढ्य, मनोज कुमार, अश्विनी चौहान सहित विद्यार्थियों ने जागरूक मतदाता बनने का संकल्प लिया।

**संविधान को जानो पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न**

राष्ट्रीय संविधान दिवस पर माय भारत, नेहरू युवा केन्द्र की ओर से न्यू आजाद युवा मित्र मंडल बिजनोल के सहयोग से संविधान को जानो पोस्टर प्रतियोगिता राबाउमावि बिजनोल में संपन्न हुई। युवा मण्डल अध्यक्ष गोविन्द प्रजापत ने बताया की इसका उद्देश्य लोगो में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संविधान ने हमें मौलिक अधिकार, दायित्व दिए हैं, हमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ उन्हें निर्वहन करने है। छात्र-छात्राओं ने संविधान को जानो विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने विचार व्यक्त किए। नेहरू युवा केंद्र की ओर से विद्यालय में संविधान उद्देशिका भेंट की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम खुशी कुंवर, द्वितीय टीना कुमारी एवं तृतीय स्थान पर तनीषा जैन रही। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य जगदीश चौधरी, अध्यापक अर्जुनसिंह चौधरी, नरेंद्र कुमार मीणा, विजेंद्रपाल सिंह राठौड़, ओम प्रकाश तेली, अध्यापिका सुनीता त्रिवेदी, प्रियंका पालीवाल, इंदु शर्मा व शांता कुमारी सालवी उपस्थित थे।

## नान्दोली में तेजाजी महाराज के खेल महोत्सव का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती नान्दोली गांव में आयोजित तीन दिवसीय तेजाजी महाराज के खेल महोत्सव में दूसरे दिन भव्य आयोजन हुआ। आरएनजी ग्रुप के गगन शर्मा ने बताया कि चामुंडा माताजी के मंदिर पर शिव सवारियां कीर्तन मंडल की ओर से आयोजित खेल में सोहन पूर्बिया ने गजानंद संवरे का किरदार निभाया। इसके अलावा तेजाजी कैलाश पूर्बिया, साथीड़ा रघुनंदन पूर्बिया, गुजरी दुर्गेश, रानी पप्पुलाल, वाषकराज हरीश पूर्बिया, पंडितजी योगेश पूर्बिया, सत्यनारायण पूर्बिया, घनश्याम पूर्बिया, राजु पूर्बिया, देशबंधु, नवीन, पवन, साहिल पूर्बिया ने भी खेल में अपनी भागीदारी निभाई। दूसरे दिन के मुख्य किरदार तेजाजी महाराज कैलाश पूर्बिया और वाषकराज हरीश पूर्बिया रहे। इस खेल में दर्शाया गया कि कैसे तेजाजी अपने ससुराल जाते समय रास्ते में जलती



आग से वाषकराज को बचाते हैं। वाषकराज को इससे गुस्सा आ जाता है क्योंकि वह संपन्न योनि से मोक्ष पाकर स्वर्ग जा रहा था। इससे पहले के दो जन्मों में भी तेजाजी महाराज ने वाषकराज की मणि पर मदिरा गिराई थी और वाषकराज की पुन्च को गॉडे के पांव से खंडित किया था। इस कारण वाषकराज ने तेजाजी महाराज से बदला लेने का प्रण लिया था। इस दौरान नवयुवक मंडल के मांगीलाल सुथार, कैलाश पूर्बिया, रतन पूर्बिया, सुरेश पूर्बिया, रामचंद पूर्बिया, रमेश पूर्बिया, देवीलाल पूर्बिया, रतन जाट, बद्रीलाल जाट सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## जिले के पहलवानों ने सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत किया दबदबा कायम

**राजसमंद (पुकार)।** जिले के पहलवानों ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर ओपन चैम्पियनशिप में अपना दबदबा कायम करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। जिला कुश्ती संघ के तकनीकी सलाहकार एवं अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक लीलाधर पालीवाल ने बताया कि हाल ही में 23 से 25 नवम्बर तक भरतपुर में आयोजित राज्यस्तरीय चैम्पियनशिप में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर राजस्थान के कुश्ती पटल पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी। प्रतियोगिता के कोर्डिनेटर धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि भरतपुर में आयोजित सीनियर ओपन फ्री स्टाईल एवं ग्रीको रोमन प्रतियोगिता 2024-25 में जिले के 74 किग्रा भार वर्ग में फ्री स्टाईल पद्धति में मंथनराज जोशी ओडन नाथद्वारा ने गोल्ड मेडल एवं 97 किग्रा में शिवदत्त चौधरी नया अखाड़ा कांकरोली ने अपने प्रतिद्वन्दी को हराते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त




किया। साथ ही 70 किग्रा भार वर्ग में कृष जोशी नया अखाड़ा कांकरोली ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उल्लेखनीय हैं कि अभी हाल ही में गोरखपुर यूपी में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में वंशिका शर्मा नाथद्वारा ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राजस्थान का गौरव बढ़ाया। पहलवानों की इस विशेष उपलब्धि पर जिला कुश्ती संघ के संरक्षक देवकीनन्दन गुर्जर, राजेश चौधरी, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष अमित बोल्या, कुश्ती प्रशिक्षक योगेन्द्र सेन, सुनिल शर्मा, नये अखाड़े के उस्ताद हरिवल्लभ गुर्जर, भानु चौधरी, किशन पहलवान, नानालाल पहलवान, मुकेश गुर्जर, भावेश गुर्जर, चन्द्रशेखर गुर्जर, दुर्गा पहलवान, गोविन्द सनाढ्य, मनोज सनाढ्य, ब्रजेश माली सहित पहलवानों ने हर्ष व्यक्त किया।

## अस्पताल के वेस्टेज मटेरियल से आकर्षक बना दिया काउंटर

**राजसमंद(पुकार)।** अगर वेस्टेज मेटेरियल का सदुपयोग किया जाए तो उसे सजावटी सामान बनाने के साथ-साथ वेस्टेज मटेरियल के निस्तारण की समस्या से भी निजात पाया जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जिला मुख्यालय पर स्थित आरके जिला चिकित्सालय में कार्यरत एक महिला नर्सिंग स्टाफ ने। अपने नर्सिंग कार्य को बखूबी निभा रही भारती शर्मा ने कबाड़ से जुगाड़ बनाने का अनोखा प्रयास किया है। इन्होंने अस्पताल के स्टोर रूम में लगाई गई अपनी टेबल को कुछ इस तरह से सजाया है कि वह अस्पताल की कम और आकर्षक शोरूम की ज्यादा नजर आती है। इस टेबल को सजाने के लिए उन्होंने अस्पताल में काम आने वाली दवाइयों



के डब्बे, चाय के गिलास और अन्य वेस्टेज मटेरियल का सहारा लेकर टेबल के आसपास लाइटिंग की और अपने काउंटर को बहुत ही आकर्षक बना लिया है। भारती शर्मा का मानना है कि अगर वेस्टेज मेटेरियल का सदुपयोग किया जाए तो उसे सजावटी सामान बनाने के साथ-साथ वेस्टेज मटेरियल के निस्तारण की समस्या से भी निजात पाया जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग कर रही भारतीय शर्मा ने पहले अपने घर को इसी तरह के सामान से सजाया और अब अस्पताल में अपने टेबल को भी सजा दिया है जो आमजन को भी प्रेरित करता है। भारती से प्रेरणा लेकर अन्य नर्सिंग स्टाफ भी अब वेस्टेज सामान का दोबारा उपयोग करने पर विचार कर रही है।

## संविधान दिवस पर संविधान की शपथ के साथ महाराणा प्रताप साहित्यिक सप्ताह का समापन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित आलोक स्कूल के महाराणा प्रताप सभागार में संविधान दिवस पर संविधान की शपथ दिलाने के साथ महाराणा प्रताप साहित्यिक सप्ताह का विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ समापन हुआ। निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत, प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध्रुव कुमावत ने संविधान दिवस की व साहित्यिक सप्ताह में आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य ललित गोस्वामी ने भारतीय संविधान का सम्पूर्ण इतिहास सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को बताकर संविधान के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। प्राध्यापक मनीष त्रिपाठी ने सभी को संविधान की शपथ दिलाकर इसके कानूनों का पालन करने का संदेश दिया। 21 नवम्बर से प्रारम्भ हुए




महाराणा प्रताप साहित्यिक सप्ताह का समापन कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ हुआ। कविता पाठ व कहानी कथन, फैंसी ड्रेस, डिक्टेशन व कैलीग्राफी कॉम्पिटिशन, फैंसी ड्रेस, पेरेग्राफ, स्टोरी-राइटिंग, स्टोरी टेलिंग (हिंदी-अंग्रेजी), क्विज कॉम्पिटिशन, आशुभाषण हिंदी प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। कक्षा पहली से पांचवी तक आयोजित फैंसी फेस्ट कंपीटिशन में करीब 200 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। बच्चों ने वीर योद्धा महाराणा प्रताप, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भगतसिंह, जवाहरलाल नेहरू, डॉक्टर, पुलिस, फौजी, अंतरिक्ष यात्री, पायलट, न्यूज पेपर, मोबाइल फोन, गूगल पे, डेंगू मच्छर आदि की बहुत ही सुंदर वेशभूषा और शानदार प्रदर्शन के साथ अपना परिचय दिया। कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के वर्ग में क्विज कॉम्पिटिशन में राउंड वाइज प्रश्नों के जवाब बच्चों ने बड़े उत्साह से दिए। बच्चों को स्क्रीन व माइक के माध्यम से राजनीतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, वैमानिकी, अंतरिक्ष व फिल्मी जगत से जुड़े प्रश्न पूछे गए। हिंदी आशुभाषण में बच्चों ने शानदार रूप से अपने विषयों पर अपनी अभिव्यक्ति प्रकट की। सोशल मीडिया, सड़क सुरक्षा, संयुक्त परिवार, अपराध जगत, महापुरुष, जंकफूड, मेवाड़ महिमा, श्रीराम, खेल आदि विषयों पर बच्चों अपने विचार व तर्कों से सभी को अचंभित कर दिया।

**ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम**

फैंसी फेस्ट प्रतियोगिता में कक्षा 1-2 में श्लोक टेलर, अधीरा सोनी, रिद्धिमा राव प्रथम, आरव शर्मा, मानवी पालीवाल, निखिल सरगरा द्वितीय रहे। कक्षा 3 से 5 में कार्तिक कुमावत, ईशानी पुरोहित, जसमीत राज, दिव्यांश साहू, यक्षराज, सूर्यभान सिंह, युवराज सिंह प्रथम रहे। कक्षा 6 से 8 में स्टोरी टेलिंग में हरषि लखारा, शेरीन पालीवाल, आस्था व वैभवी प्रथम रही। कक्षा 9 से 12 में आशुभाषण हिंदी में प्रियांशी आमेटा व गुनगुन सेन प्रथम, दिव्यांशु साहू व कृष टांक द्वितीय और कोमल मेवाड़ा, सुहानी राव व याशिका कुमावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 क्विज कॉम्पिटिशन में पंचतंत्र हाउस प्रथम, रामायण हाउस द्वितीय व गीता हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा 9 से 12 में क्विज में वेद हाउस प्रथम, उपनिषद हाउस द्वितीय व पुराण हाउस तृतीय स्थान पर रहे।

## संक्षिप्त खबरें...

### भारतीय संविधान दिवस की हीरक जयंती पर विचार गोष्ठी



**चितौड़गढ़ (पुकार)** । महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में दिनांक 26 नवंबर 24 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हीरक जयंती वर्ष की अवसर पर भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हेमेंद्र नाथ व्यास द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य वक्ता डॉ पूनम शैरी ने भारतीय संविधान का परिचय दिया एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति बैंक मैनेजर राजकुमार चावला ने भारतीय संविधान के मूल अधिकारों के बारे में बताया। सेवानिवृत्त व्याख्याता श्री बाबूलाल जीनवाल ने बाल विवाह, मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य एच. एन. व्यास ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी बालकृष्ण लड्ढा ने संविधान के मूल कर्तव्यों का वाचन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निर्मल देसाई ने किया। कार्यक्रम में प्रो. भारती मेहता, डॉ. हेमलता महावर, डॉ. भारती वीरवाल, डॉ. सुषमा लोठ, अपेक्षा नागोरी एवं सेवानिवृत्ति व्याख्याता कौशल किशोर वीलवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की इसी कड़ी में डॉ भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 'वर्तमान परिदृश्य में अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कंचन वर्मा एवं सी.पी. सैनी के निर्देशन में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस निबंध प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5100/- द्वितीय पुरस्कार 3100/- तृतीय पुरस्कार 2100/- रू रखा गया है।

### संयुक्त संघर्ष एवं कॉर्डिनेशन समिति ने सौंपा ज्ञापन




**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । संयुक्त संघर्ष एवं कॉर्डिनेशन समिति, चित्तौडगढ़ के बेनर तले मजदूरों, किसानों की मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा। अपर जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में रक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण बन्द कर राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाईप लाइन (एन.एम.पी.) को रद्द करो, कोई डिजिटल कृषि मिशन (डी.ए.एम.) नहीं कृषि के निगमीकरण की ओर ले जाने वाली बहुराष्ट्रीय सहयोग नीति और आई.सी.ए.आर. समझौते को रद्द करे, चार लेबर कोड बिल वापस ले सभी कृषि उपज पर (एम.एस.पी.) गारण्टी कानून लागू करो, सभी के लिए रोजगार और सुरक्षित नौकरी की गारण्टी दो, रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरे, किसी भी रूप में श्रम का कोई संविदाकरण या आउट सोर्सिंग नहीं किया जाए, कोई भी निश्चित अवधि का रोजगार नहीं, अग्निवीर जैसी योजनाओं को रद्द करो, मरनेगा में 200 दिन काम, 600 रूपये प्रतिदिन मजदूरी दो. आंगनवाड़ी, आशा सभी योजनाकर्मियों को 26,000 रूपये न्यूनतम वेतन देने एवं कर्मचारियों का दर्जा देने की मांग की गई। ज्ञापन दल में संयुक्त संघर्ष एवं कॉ-ऑर्डिनेशन समिति के संयोजक का. लूणाराम सियाग, सीटू प्रदेश उपाध्यक्ष का. कालूराम सुथार, का. नागेश कुमार तेली, का. मो. हनीफ, का. रतनलाल शर्मा, का. गोपाल शर्मा, का. शांतिलाल द्विवेदी, का. मो. इकबाल छीपा, का. प्रभात सिन्हा, का. पुष्पकान्त श्रीमाली उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर जागरूकता रैली, संगोष्ठी और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । 75वें संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को जन जागरूकता रैली, संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जागरूकता रैली का शुभारंभ कलक्ट्री चैराहे पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार गोयल द्वारा किया गया। यह रैली कलक्ट्री चैराहे से प्रारम्भ होकर सुभाष चौक, गांधीनगर, भील बस्ती, चित्तौडीखेड़ा, घटियावली, गढवाडा, धराणा, बृसिंह गुढा, उदपुरा, नल्दा, केसरपुरा, केलझर खेडा, नेतावलगढ पाछली, एराल, भेरूसिंह जी का खेडा, सुरजपोल इत्यादि गांवों एवं शहर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई चित्तौडगढ पहुंची। साथ ही, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घटियावली के प्रांगण में संविधान जागरूकता सभा व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में संविधान के महत्व और इसके प्रावधानों पर चर्चा की गई। वक्ताओं तथा छात्रों ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए और इसके महत्व को समझने का प्रयास किया। संगोष्ठी में संविधान निर्माताओं के योगदान, संविधान के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, ताकि लोगों को संविधान की महत्ता और उसकी भूमिका के बारे में जानकारी मिल सके। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा संविधान की विकास यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें संविधान की विकास यात्रा को दर्शाते हुए इसके निर्माण में जिन-जिन महापुरुषों का योगदान रहा उन्हें प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार, विभिन्न विभागों के अधिकारी, उपसरपंच, सामुदायिक स्वास्थ्य वैज्ञानिक एवं प्रयास सलाहकार डॉ. नरेन्द्र गुप्ता, आधारशिला शिक्षण शिविर अमरपुरा की बालिकाएं, उदपुरा, घटियावली, नेतावलगढ पाछली, मानपुरा (सुरजपोल) एवं एराल ग्राम पंचायत के युवा, महिला-पुरूषों सहित अनेक प्रबुद्वजन एवं एवं प्रयास संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### एमडीएमए में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों के धरपकड अभियान के तहत बलवीर सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ और गजेन्द्रसिंह राव पुलिस उप अधीक्षक वृत्त प्रतापगढ के मार्गदर्शन में थानाधिकारी हथुनिया इन्द्रजीत परमार उनि मय टीम द्वारा थाना प्रतापगढ के प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त सलमान खान पिता मीरबादशाह खा पठान निवासी देवल्दी को जरिये प्रोडेक्शन वारण्ट जिला कारागृह प्रतापगढ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से अनुसंधान जारी है। दिनांक 06 मार्च को थानाधिकारी तेजकरण चारण पुनि0 मय टीम द्वारा अरनोद रोड स्थित पुलिया के पास नाकाबदी की जा रही थी। दौराने नाकाबंदी मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को रोककर उनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 345 ग्राम एमडीएमए बरामद किया गया तथा दो अभियुक्त नारायण लाल पिता बालुराम भोई निवासी पंचदेवला थाना भदेसर जिला चितौडगढ, प्रदीप पिता मदनलाल मेघवाल निवासी पंचदेवला थाना भदेसर जिला चितौडगढ को गिरफ्तार किया जाकर तस्करी में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल को जब्त किया गया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर थाना प्रतापगढ पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान इन्द्रजीत परमार थानाधिकारी थाना हथुनिया द्वारा प्रारंभ किया गया। प्रकरण में वाछिंत अभियुक्त सलमान खा पिता मीरबादशाह खा पठान निवासी देवल्दी को पुलिस टीम द्वारा जिला कारागृह प्रतापगढ से जरिये प्रोडेक्षन वांरट के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### दो बाइक की भिड़ंत दोनों घायल

**प्रतापगढ़ ।** सेवरा गांव में आज दो बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई,हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार धमोतर थाना क्षेत्र के सेवरा गांव में आज दो बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई है, भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है, 108 टीएमटी गणेशलाला ने बताया कि दोनों घायलों के सर और हाथ पांव में गंभीर चोटे आई है,एक बाइक चालक की स्थिति ज्यादा गंभीर है। दरअसल सेवरा गांव का रहने वाला शंकर उम्र 20 साल बाइक द्वारा घर से दुकान की ओर जा रहा था और इसी गांव का रोशन उम्र 30 साल बाइक से अपने घर की ओर जा रहा था रास्ते में आमने-सामने दोनों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों को गंभीर चोटे आई है सूचना पर धमोतार थाना पुलिस जिला चिकित्सालय पहुंची है और घायलों के परिजन भी जिला चिकित्सालय पहुंचे हैं थाना पुलिस घरेलू द्वारा घटना की जानकारी ली जा रही है।

# वाल्मीकि समाज ने मनाया संविधान दिवस





**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । संविधान दिवस पर मंगलवार को प्रातः वाल्मीकि समाज ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशाल सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्षद विजय चौहान ने बताया कि देश आजाद होने के पश्चात आज पहली बार वाल्मीकि समाज ने चित्तौड़गढ़ में संविधान दिवस मनाया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय दलित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कंडारा थे जिन्होंने सविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए अपना उद्बोधन दिया और सरकार से मांग की कि संविधान दिवस को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जावे एवं सरकारी अवकाश की मांग की। इस दौरान अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश राठौर, कांग्रेस जिला महामंत्री दिनेश सिसोदिया, पार्षद रेखा आदिवाल, रेलवे वाणिज्य अध्यक्ष सेवानिवृत्त सालगराम छत्रपति, सेवानिवृत्त तहसीलदार शिवनारायण मल्होत्रा, बीएल घारू जिंक, मेवाड़ वाल्मीकि सेवा संस्था के अध्यक्ष राजन मल्होत्रा, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेंद्र राठोर, वाल्मीकि महासभा जिलाध्यक्ष राजेश लोट, दिलीप बेनीवाल, भंवरलाल सिंगोलिया, अखिल मेवाड़ वाल्मीकि समाज के जिलाध्यक्ष छवि देशबंधु आदि ने विचार व्यक्त किए। आभार विजय चौहान ने व्यक्त किया।

इस दौरान वाल्मीकि समाज के सूरज गावरी, राजेश आदिवाल, बालमुकुंद घारू, श्रीकांत लोट, अजय लोट, युवराज कंडारा, राधाकिशन टांक, अजय घारु, शिवम लोट, किशन खोखर, आशीष लोट, सनी लोट, रमन गारु, मनोज मल्होत्रा, शंकर लोट, जितेश मल्होत्रा, अंकुश आदिवाल, कमलकिशोर गारु, शीतल आर्य, ज्योति अटवाल, देवेश देसाई, अमन गावरी, पुष्पा पंडित, रवि चंदेल, पूरणमल मल्होत्रा, राहुल सिंगोलिया, लखन चनाल, संजय लोट सावा, शेट्ठी वाल्मीकि, राहुल पंवार, जाकिर हुसैन, रतन लोट, नरेंद्र मल्होत्रा, विनोद लोट, जिमी कंडारा, कैलाश मल्होत्रा, शंभू दयाल नकवाल, शांतिलाल छपरीबंद भादसोड़ा, नारायण छत्रपति, महेंद्र छापरवाल, दीपक लोठ, कुलदीप भावरे, विजय नकवाल, कमलेश कोदली, जोन घारू, सुजीत लोट, किशन राठौड़, अमृत मल्होत्रा, रोहन मल्होत्रा, भेरूलाल मल्होत्रा, कमलेश खोखर, शिवम लोट, चन्द्रशेखर गोरण, मुकेश राठौड़, अरविन्द घावरी, रजनी खोखर, राखी लोट, इन्द्रा लोट, केसर, आशा, राधाबाई, रामकन्या, लीला, संतोष, मधु देवी, संगीता, मीना बेनीवाल, कमला, अनिता, हेमा, मोहम्मद अशरफ, राकेश बारेसा, प्रहलाद पंवार, निर्मल गोयर, नरेश खेरालिया, देवनारायण लोट, सुभाष छपरीबंद, शैलेन्द्र पंडित आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा, केन्द्रीय श्रमिक संगठन संयुक्त मंच ने सौंपा ज्ञापन



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । भारत के संविधान दिवस पर जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा, केन्द्रीय श्रमिक संगठन संयुक्त मंच राजस्थान के तत्वावधान में प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के शांतिलाल त्रिवेदी ने बताया कि संविधान दिवस पर मंगलवार को चित्तौड़गढ़ के किसान संगठनों, खेतिहर मजदूरों के संगठन एवं ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में सभा का आयोजन किया तथा प्रतिनिधि मंडल ने दोपहर साढ़े 12 बजे 13 सूत्रीय मांग पत्र दिया जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाने, चार श्रम संहिताओं को वापस लेने, श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए 10 हजार मासिक पेंशन देने, किसानों व श्रमिकों को ऋण मुक्त करने व आत्महत्या रोकने के लिए व्यापक ऋण माफी करने, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद करने, कृषि के निगमीकरण में सहायक अनुबंधों को रद्द करने, अंधाधुंध भूमि अधिग्रहण बंद करने, सभी के लिए रोजगार और नौकरी की गारंटी देने, फसलों और पशुओं के लिए व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र बीमा योजना लागू करने, मूल्यवृद्धि पर रोक लगाने, समाज में सांपदायिक विभाजन रोकने के लिए सख्त कानून बनाने, त्वरित न्याय प्रणाली से महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी वंचित तबकों के खिलाफ साम्प्रदायिक भेदभाव समाप्त करने के कदम उठाये जाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में का. शांतिलाल त्रिवेदी, का. प्रभात कुमार, का. नागेश तेली, का. हनिफ मंसूरी, का. रतन शर्मा, का. गोपाल शर्मा, लेहरूलाल, रामनारायण जाट सहित कई किसान, मजदूर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस मनाया विद्यार्थियों ने ली शपथ



**सुहागपुरा ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुहागपुरा में 26 नवंबर संविधान दिवस मनाया गया 7 विद्यालय मीडिया प्रभारी प्राध्यापक पवन रायकवाल ने बताया की कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य विक्रम कोठारी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बडा लिखित संविधान है। संविधान में भारतीय नागरिकों को प्रदत्त विभिन्न मूल कर्तव्यों, मूल अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई तथा संवैधानिक नियमों का पालन करके आदर्श नागरिक बनने हैतु प्रेरित किया गया। प्राध्यापक दिनेश चन्द्र खटीक ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया, प्रारुप समिति व संविधान सभा संरचना के विषय में जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ अध्यापक जमनालाल मेघवाल ने लोकतंत्र में आस्था रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना मतदान करने की शपथ दिलाई। बीएलओ सुपरवाइजर रमेश चन्द्र मीणा बीएलओ भेरुलाल मीणा ने 18 वर्ष पुर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सुची में नाम जुडवाने व अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। प्राध्यापक शा. शि. दलीप कुमार ने संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इस अवसर पर उप प्राचार्य राकेश कुमार मीणा, सतीश सोनी,अब्दुल सलीम शेख , प्रवीण कुमार राठौर ,अरविंद कुमार गंधर्व, सुमन कुमारी , सुरेंद्र पाल सिंह मीणा, बादामीलाल मीणा , रमेश चंद्र मीणा , अंजना मोड़, श्रवण कुमार सेन ,किरणबाला रावत, गिरजा जैन,सोहेल खान, हरीश मीणा, ललिता कुमारी धाकड़, सतीश पाटीदार शीला आमेटा, राधा मालवीय, विद्यार्थी उपस्थित थे ।

### सुहागपुरा में महिला किसानों का जैविक कृषि पर शैक्षणिक भ्रमण

**सुहागपुरा।** सोमवार और मंगलवार को सृजन संस्था ने सुहागपुरा में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उदयपुर से मंजरी फाउंडेशन के माध्यम से आई 29 महिला किसानों को जैविक कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था ने जैविक कृषि से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझाया और महिलाओं को स्थानीय जैविक किसानों से मिलवाया, जिन्होंने अपनी कृषि प्रक्रियाओं का साझा अनुभव किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, किसानों ने महिलाओं को जैविक खाद, जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कंपोस्ट, और जैविक कीटनाशकों जैसे निमास्त्र, अग्नीस्त्र, ब्रह्मास्त्र और वेस्ट डी कंपोस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, अमरूद बागवानी के बारे में भी महिलाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया और यह बताया गया कि कृषि में एक से अधिक आय के स्रोत होने से किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को जैविक कृषि के लाभों और तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे अपने क्षेत्र में इन तकनीकों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकें। सृजन संस्था का यह प्रयास ग्रामीण महिला किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

### भारतीय किसान युनियन ने दिया ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़ ।** भारतीय किसान यूनियन टिकेट चित्तौड़गढ़ में धरना देकर ज्ञापन राष्ट्रपति प्रधानमंत्री वित्त मंत्री कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर महोदय को दिया ज्ञापन में मांग की गई भारत सरकार के वादे के अनुसार एसपी गारंटी कानून बनाया जाए पूर्व सर्वे के अनुसार नदी जोड़ो योजना में नर्मदा से इंदिरा गांधी सरोवर से नहर लाई जाए 1980 से अफीम किसानों के सभी रुके हुए पत्ते बहाल किए जावे सीपीएस के रुके हुए सभी लाइसेंस दिए जाएं अफीम किसानों की 8 मांगों के साथ ज्ञापन दिया धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लेहरू लाल जाट ने की मुख्य अतिथि रामनारायण जाट प्रतापगढ़ शांतिलाल त्रिवेदी बडवई मोडी राम पुरबिया दौलतपुरा प्रभात सिंह गोपाल शर्मा रतन शर्मा हनीफ मंसूरी प्रभु लाल मानपुरा अन्य करीब 50 किसान थे ।

## बैंक ऑफ बड़ौदा चित्तौडगढ़ द्वारा जूट प्रोडक्ट्स उद्यमी के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । बैंक ऑफ बड़ौदा ( ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ) चित्तौडगढ़ द्वारा गांव बुक ब्लॉक गंगरार में दिये जा रहें 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट्स उद्यमी के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन समारोह का आयोजन संस्थान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद से जिला प्रबंधक श्री पदम सिंह पंवार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री पदम सिंह पंवार द्वारा जूट प्रोडक्ट्स संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की एवं राजिवीका की समस्त योजनाओं के बारे में अवगत कराया जिससे जूट प्रोडक्ट्स बनाने के व्यवसाय को बढावा मिल सकें। साथ ही संस्थान द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना की। राजिवीका राज सखी मार्ट के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रशिक्षणार्थीयों को मार्ट का दौरा करवाया गया। संस्थान के निदेशक आकाश कोठारी इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर अपना लक्ष्य प्राप्त करने के उद्धेश्य से भी अवगत कराया गया। एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया। ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने पर बल दिया। संस्थान के फेकल्टी संतोष शर्मा ने प्रशिक्षण के उपरान्त निरन्तर अभ्यास कर एक सफल उद्यमी बनने पर जोर दिया। संस्थान की ओर से सभी प्रतिभागियो को उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आकाश कोठारी, फैकल्टी संतौष शर्मा एवं कार्यालय सहायक भगवान लाल कुमावत उपस्थित रहे।ईडीपी एसेसर सुरज मल पंवार एवं डोमेन एसेसर रीना शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मुल्यांकन एवं प्रमाणन किया गया। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा बेरोजगार युवक - युवतियों के लिए स्वरोजगार हेतु ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन, सिलाई, होममेड अगरबत्री निर्माता, ज्वेलरी बनाना, डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट, बकरी पालन, मुर्गी पालन के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संविधान दिवस मनाया

### रैली, जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन






**प्रतापगढ़।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ओमी पुरोहित (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) एवं सचिव प्राधिकरण केदारनाथ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार, जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

संविधान दिवस एवं विधि दिवस के अवसर पर आज स्थानीय टीमरवा स्थित बालिका छात्रावास पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एलएडीसीएस चीफ अधिवक्ता हरीश बाठी द्वारा संविधान की उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए जानकारी दी कि उक्त अधिनियम के तहत बाल विवाह करवाना और उसमें शामिल होना दण्डनीय अपराध है। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह नहीं करने व करवाने तथा ना ही बाल विवाह में शामिल होने के लिये शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में उपस्थित एलएडीसीएस डिप्टी अधिवक्ता दिनेश चन्द्र तेलकार ने बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए संविधान दिवस मनाने के उद्धेश्य, संविधान की प्रस्तावना तथा संविधान में वर्णित मूल कर्त्तव्य एवं मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

प्राधिकरण सचिव कैदारनाथ ने संविधान की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की। संविधान की आवश्यकता एवं संविधान में वर्णित नियमों के बारे बताते हुए इसकी अनिवार्यता के बारे में भी बताया। उपस्थित बालिकाओं से सामान्य प्रश्नोत्तर कर उनके शैक्षिक स्तर का भी जायजा लिया। बालिकाओं को उच्च शिक्षा अर्जित कर उच्च पदों पर आसीन होने हेतु निरन्तर अभ्यास एवं लगन पूर्वक शिक्षा अर्जित करने हेतु प्रेरित किया। इसी अवसर पर संविधान दिवस के संबंध में बालिकाओं और उपस्थित स्टॉफ को शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के समापन में आवासिय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्राधिकरण सचिव तथा एलएडीसीएस का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन में बालिकाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आवासीय छात्रावास स्टॉफ एवं विद्यालय स्टॉफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### संविधान की 25वीं सालगिरह धुमधाम से मनाई, निकली वाहन रेली



**प्रतापगढ़ ।** भारत देश के गौरवशाली सशक्त महान संविधान की 75 वे सालगिरह, '26 नवंबर- संविधान दिवस' को भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम),जिला यूनिट- प्रतापगढ़ ने विशाल वाहन रैली निकालकर धूमधाम से मनाया,

प्रतापगढ़, 26/ नवंबर/ 1949 को, संविधान निर्मात्री सभा ने, बोधिसत्व विश्व रतन बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में,भारत का संविधान,लिखकर देश को समर्पित किया, जिसे 26 /जनवरी /1950,को पूरे देश में लागू किया गया,जिसे 'गणतंत्र दिवस' के रूप में मनाया जाता है, आज 26 /नवंबर/ को पूरा देश, बड़ी धूमधाम, हर्षल्लास के साथ, 'संविधान दिवस' मनाता है,प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय पर, 'संविधान दिवस' भीम आर्मी भारत एकता मिशन' एवं 'आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)' के बैनर तले,विशाल वाहन रैली- तिरंगा चौराहा, दशहरा मैदान, से बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सर्कल, तक भीम सैनिक द्वारा धूमधाम,डीजे, बैंड बाजा के साथ, वाहन रैली निकाली गई,और उसके बाद बाबासाहब की मूर्ति पर, माल्यार्पण कर, विशाल आम सभा का आयोजन किया गया, आयोजित सभा में,अध्यक्षता गोविंद मेघवाल, भीम आर्मी भारत एकता मिशन, बांसवाड़ा संभाग प्रभारी ने की, कार्यक्रम संयोजक भीम आर्मी भारत एकता मिशन, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष दिलीप रैदास, भी उपस्थित रहे, सभी भीम सैनिकों ने बड़े गर्व जोश जुनून के साथ 75 वा संविधान दिवस मनाया,आयोजन सभा में गोविंद मेघवाल, बांसवाड़ा संभाग प्रभारी भीम आर्मी भारत एकता मिशन,जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ दिलीप रैदास,जिला कोषाध्यक्ष एडवोकेट कमलाशंकर कमलवा,जिला सह संयोजक विनोद बौद्ध,प्रतापगढ़ नगर अध्यक्ष मुकेश जटिया, वरिष्ठ सदस्य मांगीलाल मेघवाल,जिला मीडिया प्रभारी राजू भाई मालवीय, धमोत्तर ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद जमुनिया, बालू राम मेघवाल, जीवन मालवीय दलोट, मुकेश मेघवाल अमलावाद,उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें...

### 76 वे संविधान दिवस का आयोजन, छात्रों द्वारा रैली व उद्देशिका का वाचन




**फतहनगर ।** नेहरू युवा केंद्र उदयपुर व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय फतहनगर के संयुक्त तत्वावधान में 76 वे संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती अनिता यादव की अध्यक्षता में किया गया. कार्यकम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ऋतु अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि राजकीय सीनियर स्कूल असिस्टेंट एडमिनिस्टेटिव विजय माली और राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता भगवती कुमारी जोशी थे । कार्यकम के अंतर्गत उद्देशिका वाचन व मूल कर्तव्यों को बताया गया । जागरूकता हेतु छात्रों द्वारा रैली का भी आयोजन किया गया व वर्तमान परिदृश्य में अंबेडकर के विचारो की प्रासंगिता पर निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम, दितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नेहरू युवा केंद्र की तरफ से पुरस्कृत किया गया. कार्यकम में समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा ।

### कांकरवा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ शिविर का समापन



**आकोला।** कांकरवा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भूपालसागर के तत्वाधान में द्वितीय एवं तृतीय शिविर का समापन पीएम मोड़ सिंह चौहान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकरवा में संपन्न हुआ। स्थानीय संघ सचिव दिनेश चंद्र धोबी ने बताया कि प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा आकोला ने स्काउट गाइड के रूप में अपने जीवन में अच्छे चरित्र का निर्माण होता है और अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा कर सकेंगे। प्रधानाचार्य कन्हैयालाल मेनारिया चोरवड़ी ने स्काउट गाइड जीवन में अनुशासन सकारात्मक सोच में व धैर्यता सीखता है साथ ही संविधान दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर साहब के विचारों पर प्रकाश डाला साथ ही समाज सेवा का एक सुयोग नागरिक बनने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य अशोक कुमार रेगर मुरला ने 5 दिवसीय शिविर के इतिहास रचाने एवं साथ ही आप इस शिविर के माध्यम से चरित्र निर्माण कर अपने जीवन को उज्जवल बनाएंगे कहानी के माध्यम से मानवता त्याग समर्पण को जीवन में उतारने पर बल दिया, घर-घर अलग जगायेंगे बदलेंगे जमाना गीत सुना कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्थानीय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता द्वारा स्काउट गाइड बच्चों को काफी सहयोग रहा शिविर में सहायक सचिव मोहनलाल छीपा, संतोष कुमार भट्ट, पृथ्वीराज जाट, भागचंद प्रजापत, सत्यनारायण भट्ट, तिलक राज मीणा आदि ने सहयोग दिया। स्थानीय संघ सचिव दिनेश चंद्र धोबी ने सभी अतिथियों को ऊपरना पहना कर स्वागत और आभार व्यक्त किया। शिविर संचालक सत्यनारायण भट्ट ने किया।

### एएनएम के लिए अंतरा ट्रेनिंग का आयोजन किया



**सलूंबर ।** जिले सलूम्बर में परिवार कल्याण विभाग की तरफ से कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सलूम्बर में एएनएम के लिए अंतरा ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में गर्भ निरोधक साधन अंतरा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें IDF विकल्प प्रोजेक्ट से V-CAT मुल्यो का स्पष्टीकरण किया गया। गतिविधी के दौरान डॉ. सम्पत लाल मीणा सीएमएचओ सलूम्बर भी मौजुद रहे साथ ही उन्होने V-CAT की प्रशंसा की और V-CAT को काफी उपयोगी गतिविधि बताया। अंतरा की ट्रेनिंग स्टेट ट्रेनर डॉ. प्रियंका द्वारा दी गई, प्रशिक्षण में उपस्थित एएनएम को सही तरीके सं अंतरा का उपयोग करने की प्रक्रिया समझाई और अंतरा के उपयोग और फायदे के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कुल 31 एएनएम ने भाग लिया साथ ही श्री देवेन्द्र पुरी गोस्वामी डीपीओ भी उपस्थित रहे। विकल्प प्रोजेक्ट से प्रतिनिधित्व के लिए निर्मला शर्मा और उर्मिमाला दास ने भी प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

### जिला स्तर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम,आयोजन संबंधी जिला कलक्टर ने दिये निर्देश



**सलूंबर।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को राज्य सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर होने वाले आयोजनों को लेकर जिला कलक्टर ने अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली और आयोजन को लेकर विभागवार किये जाने वाले कार्यो पर विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिये। बैठक में बताया कि दिसम्बर में जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला एक उत्पादन,एक जिला एक खेल, एक जिला एक प्रजाति, एक जिला एक फल, एक जिला एक गंतव्य का चिन्हित कर आयोजन को रोचक बनाने के लिये उक्त विषयों व प्रतियोगिता का आयोजन कर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरुस्कृत किया जाएगा।बैठक में बताया कि जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन, राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विकासात्मक जिला स्तरीय प्रर्दशनी भी लगाई जाएगी। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे निश्चित समय पर अपने- अपने विभागों की एक वर्ष की उपलब्धि व उच्च गुणवत्ता के रंगीन फोटोग्राफ्स भिजवाएं। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे आयोजन को लेकर अभी से तैयारी शुरु कर ले। इस दौरान एसीईओ दिनेश पाटीदार,आयुक्त नगर परिषद गणपत लाल खटीक, समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, पीआरओ पुष्पक मीणा, पवन मेहता, टीएडी वेद प्रकाश, पशुपालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, एवीवीएनएल राकेश सोनी, पीएचईडी विवेक कछारा, कृषि विभाग गोस मोहमद सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्युत अपग्रेड स्टेशन को हटाने को लेकर उपतहसीलदार को दिया कलेक्टर के नाम का ज्ञापन, रैली के रूप में ज्ञापन देने पहुंच आक्रोशित ग्रामीण

**भीण्डर (पुकार)।** खेरोदा कस्बे में मंगलवार को ग्रामीणों ने 765 विद्युत अपग्रेड स्टेशन को हटाने को लेकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन उप तहसीलदार भंवर सिंह झाला को दिया। इससे पहले कस्बे के गांधी चौक में ग्राम सभा का आयोजन कर 765 विद्युत अपग्रेड स्टेशन की खिलाफ प्रस्ताव पेश किया गया। ज्ञापन देते जाते समय कस्बे के गांधी चौक से रैली के रूप में ग्रामीण निकले जो कस्बे के मुख्य मुख्य चौराहों से होकर नारे बाजी करते हुए उप तहसीलदार कार्यालय में पहुंचे। उप तहसीलदार कार्यालय में पहुंच कर ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने गांव के चारागाह भूमि पर 765 विद्युत अपग्रेड स्टेशन स्थापित किया जा रहा है जिसको हटाने को लेकर खेरोदा उप तहसील में ग्रामीणों द्वारा उप तहसीलदार भंवर सिंह झाला को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा कि चारागाह भूमि पर लगने वाले विद्युत अपग्रेड स्टेशन से वहां पर स्थित खेतीबाड़ी सहित पशुओं को चराने व घास खिलाने के लिए उपयोग करते है। कस्बे में यही एक मात्र पशु चरने की भूमि है जिसके पास ही तालाब स्थित है एवं उक्त तालाब को राज्य सरकार द्वारा बर्ड विलेज के नाम से संरक्षित रखा गया है जिसमे विदेशी रंग बिरंगे पक्षियों का आवागमन रहता है एवं यही पर निवास करते है। विद्युत अपग्रेड स्टेशन लगने से पक्षियों का आवागमन भी बंद हो जाएगा एवं गांव में जो पशु है उनके चरने की भूमि भी नहीं रहेगी। साथ ही कस्बे के पास ही मेनार गांव स्थित है जो बर्ड विलेज के नाम से विख्यात है एवं वेटलैंड की श्रेणी में आता है। विद्युत अपग्रेड स्टेशन जहां पर लग रहा



है वो खेरोदा मेनार एवं रुंदेड़ा जाने वाला मुख्य मार्ग है एवं ग्रामीणों का आवागमन भी लगा रहता है। उक्त चारागाह भूमि खेरोदा उप तहसीलदार कार्यालय के लिए भी स्वीकृति है। चारागाह भूमि के पास में ही रामाखेड़ा व राजपूत समाज का तालाब है जहां गांव के पशु पानी पीने का मुख्य सहारा भी है जिससे विद्युत अपग्रेड स्टेशन स्थापित होने से यहां पर हानि होगी इसलिए ग्रामीणों की जिला कलेक्टर,क्षेत्रीय विधायक उदय लाल डांगी,चितौड़ सांसद सीपी जोशी सहित मंत्री एवं आला अधिकारियों से विद्युत अपग्रेड स्टेशन हटाने की मांग की है। इस अवसर पर ज्ञापन देते समय संघर्ष समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## फतहनगर पुलिस ने ग्रामीण बेरोजगार लोगो को विदेश भेजने का झांसा देकर धोखाधडी करने वाले अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

**फतहनगर (पुकार) ।** फतहनगर थाना पुलिस ने ग्रामीण बेरोजगार लोगो को विदेश भेजने का झांसा देकर धोखाधडी करने वाले अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दुर्गाप्रसाद दाधीच ने बताया कि 24 अक्टूबर 2024 को प्रार्थी सनवाड़ निवासी राहुल सुथार पिता जुगलकिशोर सुथार ने थाने में उपस्थित होकर इस आशय की एक लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि प्रार्थीगण अभियुक्त पप्पुपुरी गोस्वामी के सम्पर्क में आया जिसने हमें स्पेन (विदेश) में अच्छी तनख्वाह पर फूढ पेकैजिंग के कार्य में नौकरी पर लगवाने एवं विदेश भेजने की बात कही। जिस पर अभियुक्त पप्पुपुरी गोस्वामी ने विश्वास में लेकर अप्रेल मई 2024 में प्रार्थीगण राहूल सुथार से 2.80,000 रूपये, रामलाल जाट से 3,00,000 रूपये, रायसिंह झाला से 2,50,000 रूपये, गोपालदास से 2.47,000 रूपये एवं मुरली वैष्णव से 2.50,000 रूपये प्राप्त कर लिये और जिन्हे मुताबिक वादे के षडयंत्र रच कर अभियुक्त पप्पू पुरी गोस्वामी ने उसके साथी अल्फा ठक्कर एवं राजु उर्फराजेश भाई गंगवानी एवं राज ठक्कर ने मिल कर प्रार्थीगणों को विदेश नहीं भेज कर धोखाधड़ी कर राशि को हडप लिया है।



रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। उक्त प्रकरण में घटना की गम्भीरता को देखते हुए योगेश गोयल जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए जिस पर अजंना सुखवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण खेरवाडा,मनीष कुमार सहायक पुलिस उप अधीक्षक, मावली के सुपरविजन में दुर्गा प्रसाद दाधीच थानाधिकारी फ्तहनगर व आईओं गुलाब सिहं सउनि मय टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अभियुक्तगणों द्वारा विदेश भेजने के नाम पर अपने अलग-अलग बैक खाते व फोन पे, गुगल पे पर ऑनलाईन रूपये जमा कराये। उक्त आरोपी अभियुक्ता श्रीमती अल्पा ठक्कर पिता दिनेश भाई ठक्कर को दिनांक 24.11.2024 को टीम द्वारा वडोदरा गुजरात से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया है जो आज दिनाक 27 नवम्बर तक पीसी रिमाण्ड पर है एवं पप्पुपुरी पिता लक्ष्मण पुरी गोस्वामी निवासी बीकाखेड़ा को गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है। प्रकरण में वाछिंत अभियुक्त राज ठक्कर, हसां नन्दानी, राजेश उर्फ राजु गंगवानी एवं असाईल दांवेल्स, अन्टलांटिक कम्पनी के ऑनर देविश पटेल की तलाश कर अनुसंधान किया जावेगा।

## तुम्बडिया में मनाया संविधान दिवस



**गंगरार (पुकार) ।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तुम्बडिया में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में विद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। संविधान एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में व्याख्याता श्री रामा अवतार मीणा ने विस्तार से बच्चों को जानकारी दी ।साथ ही विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राधेश्याम खटीक ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय, संविधान निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने अपने विचार में अंबेडकर के बताएं मार्गदर्शन पर व्यक्ति को चलना चाहिए। शिक्षा वह हथियार है जिससे व्यक्ति ग्रहण करके अपने अधिकारों और कर्तव्य के बारे में समझ सकता है। संविधान में वर्णित अपने अधिकारों और कृतियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्ति को अधिकारों के साथ कर्तव्य का भी ध्यान रखना चाहिए । डॉ आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं संविधान पर विस्तृत जानकारी दी। शारीरिक शिक्षक राधेश्याम खटीक ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई। यह जानकारी प्रेम सिंह ने देते हुए बताया की इस कार्यक्रम में विद्यालय के भरत कुमार साहू, यजुवेंद्र खींची, नितिन कुमार बागोरिया, भैरू सिंह, भगवान लाल, भीमराज शर्मा, शमीम अख्तर,रेखा सोनी इंदिरा दाधीच आदि उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा चित्तौडगढ़ द्वारा जूट प्रोडक्ट्स उद्यमी के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन




**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** बैंक ऑफ बड़ौदा (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) चित्तौडगढ़ द्वारा गांव बुक ब्लॉक गंगरार में दिये जा रहें 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट्स उद्यमी के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन समारोह का आयोजन संस्थान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद से जिला प्रबंधक पदम सिंह पंवार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पदम सिंह पंवार द्वारा जूट प्रोडक्ट्स संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की एवं राजिवीका की समस्त योजनाओं के बारे में अवगत कराया जिससे जूट प्रोडक्ट्स बनाने के व्यवसाय को बढावा मिल सकें। साथ ही संस्थान द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना की। राजिवीका राज सखी मार्ट के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रशिक्षणार्थीयों को मार्ट का दौरा करवाया गया। संस्थान के निदेशक आकाश कोठारी इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर अपना लक्ष्य प्राप्त करने के उद्धेश्य से भी अवगत कराया गया। एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया। ऋष्टा लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने पर बल दिया। संस्थान के फेकल्टी संतोष शर्मा ने प्रशिक्षण के उपरान्त निरन्तर अभ्यास कर एक सफल उद्यमी बनने पर जोर दिया। संस्थान की ओर से सभी प्रतिभागियो को उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आकाश कोठारी, फैकल्टी संतौष शर्मा एवं कार्यालय सहायक भगवान लाल कुमावत उपस्थित रहे। ईडीपी एसेसर सुरज मल पंवार एवं डोमेन एसेसर रीना शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मुल्यांकन एवं प्रमाणन किया गया। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा बेरोजगार युवक - युवतियों के लिए स्वरोजगार हेतु ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन, सिलाई, होममेड अगरबश्री निर्माता, ज्वेलरी बनाना, डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट, बकरी पालन, मुर्गी पालन के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित ।

# शिक्षा अधिकारियों ने बनाया अनिश्चितता का माहौल-पुष्करणा




**फतहनगर (पुकार) ।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेशाध्यक्ष रमेश चन्द्र पुष्करणा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर अधिशेष शिक्षकों के समायोजन के सम्बन्ध में अनिश्चितता का माहौल बनाने का आरोप लगाया है। पुष्करणा मंगलवार को लेकसिटी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होने अधिशेष शिक्षकों के समायोजन में भारी विसंगतियों का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री से हस्तक्षेप का आग्रह किया है। शिक्षकों के समायोजन हेतु पदों के आवंटन एवं उनकी वित्तीय स्वीकृति को लेकर शिक्षा विभाग में अनिश्चितता का माहौल बनाए जाने को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने अधिकारियों की ओर से सरकार एवं विभाग को बदनाम करने का षड्यंत्र बताया है। पुष्करणा ने कहा कि अधिकारी बिना पदों की वित्तीय स्वीकृति के अधिशेष शिक्षकों की गणना मनमाने तरीके से करवाकर विभाग में असमंजसता के माहौल को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं जिससे शिक्षकों में भयंकर आक्रोश व्याप्त है। विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट स्वीकृत पदों की जानकारी नही है। शिक्षक संगठनों से चर्चा किए बगैर निकाले अधिशेष समायोजन के निर्देश सरकार को बार-बार बदलने पड़ रहे हैं। अधिकारियों के मनमाने निर्णयों के कारण शिक्षकों के बीच सरकार बदनाम हो रही है। शिक्षकों के अनियमित समायोजन की नीति को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) कभी स्वीकार नही करेगा। विभाग द्वारा अलग-अलग मापदंड रखे जाने से विभागीय अधिकारियों में भी असमानता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। महात्मा गांधी विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों को अधिशेष नहीं माना जावे एवं आचार संहिता से पूर्व खोले गए महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों की समीक्षा की जावे। विभाग को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम शीघ्र घोषित कर पदस्थापन किया जाना चाहिए। साथ ही पदोन्नति कर स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार रिक्त पदों का सृजन करके ही अधिशेष शिक्षकों का समायोजन करना चाहिए। यदि शिक्षकों की समस्याओं का उचित समाधान नहीं होता है राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) पुरजोर विरोध करेगा। प्रेस वार्ता के दौरान राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उदयपुर के चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र पुरोहित, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पूरणमल लोहार, उदयपुर जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्रसिंह झाला, जिला कोषाध्यक्ष मंगल कुमार जैन, संगठन मंत्री डॉ हेमंत मेनारिया, अतिरिक्त जिला मंत्री शंकरलाल जाट, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया, मावली कोषाध्यक्ष सोहनलाल जाट आदि उपस्थित थे। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाताओं एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, संविधान की विशेषताओं से युवा एवं विद्यार्थी को सीखने का मिलेगा अवसर- कलक्टर

**सलूंबर (पुकार) ।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने राजकीय जिला पुस्तकालय सलूंबर में फोटो प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन और अवलोकन किया। संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय जिला पुस्तकालय सलूंबर में संगोष्ठी का आयोजित की गई व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा संविधान के इतिहास, इसके प्रावधानों और इसके महत्व को दर्शाने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई। राजकीय जिला पुस्तकालय सलूंबर में संविधान दिवस के उपलक्ष में आयोजित प्रदर्शनी और संगोष्ठी में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी पुष्पक मीणा, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, कालूराम मीणा, सौरव मीणा, सहित पुस्तकालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में लगाए गए एतिहासिक दुर्लभ छायाचित्रों का अवलोकन कर संविधान निर्माण में संविधान निर्माण सभा के गठन से लेकर संविधान लागू होने तक के छायाचित्रों का समावेश करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा एवं लोकप्रिय संविधान है। इसकी विशेषताओं एवं संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को भी अवगत कराया जाये। उन्होंने कहा कि संविधान की विशेषताओं से युवा परिचित होगा तो निश्चित रूप से अपने अधिकार कर्त्तव्यों के बारे में जागरूक होगा। प्रदर्शनी में संविधान निर्माण सभा के सभी सदस्यों के सामूहिक छायाचित्र, प्रारूप समिति अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान के प्रारूप की प्रति संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सौंपते हुए। प्रथम संसद के सत्र का विहंगम दृश्य, प्रथम मंत्रीमंडल के सदस्यों के छायाचित्र, संविधान की मूल प्रति



पर प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू एवं प्रथम गृह मंत्री सरदार पटेल हस्ताक्षर करते हुए के दुर्लभ छायाचित्र भी प्रदर्शित किये गये हैं। सम्पूर्ण प्रदर्शनी में संविधान निर्माण सभा के गठन से संविधान लागू होने तक के छायाचित्रों को श्रृंखलावार प्रदर्शित किया गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि संविधान दिवस को मनाने के पीछे एक और महत्वपूर्ण कारण यह है कि यह हमें हमारे संविधान के निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने हमारे देश के लिए एक मजबूत और न्यायपूर्ण संविधान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनानें की बात कही।

'संविधान दिवस हमें हमारे देश के संविधान के महत्व को समझने और इसके प्रावधानों का पालन करने का अवसर प्रदान करता है। हमें अपने देश के संविधान को समझना चाहिए और इसके प्रावधानों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आधारशिला है और यह हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व के मूल्यों की याद दिलाता है। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी पुष्पक मीणा ने बताया कि इस संगोष्ठी में संविधान के महत्व और इसके प्रावधानों पर चर्चा की गई। वक्ताओं तथा छात्रों ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए और इसके महत्व को समझने का प्रयास किया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने संविधान के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर प्राप्त किया। उन्होंने प्रदर्शनी में रखे गए चित्रों, पोस्टरों और सामग्री को देखा और संविधान के महत्व को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर छात्रों ने संविधान के महत्व को समझने के लिए एक संकल्प लिया और इसके प्रावधानों का पालन करने का वचन दिया।

### जिले में CELC आधार ऑपरेटर ऑनबोर्डिंग हेतु आवेदन आमंत्रित

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के उप निदेशक एवं जिला स्तरीय आधार नामांकन समिति के सचिव प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि जिला चित्तौड़गढ़ में 85 स्थानों (10 स्थान शहरी क्षेत्र व 75 स्थान ग्रामीण क्षेत्र हेतु) में CELC आधार नामांकन / अद्यतन केन्द्र स्थापित किये जाने है। इन केन्द्रों पर आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य करने हेतु रजिस्ट्रार सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधीन प्रत्येक चिन्हित केन्द्र पर एक ऑपरेटर को यूआईडीएआई, नई दिल्ली से आधार CELC कार्य हेतु आईडी / क्रिडेंशियल जारी करवायी जायेगी। आधार केंद्र के लिए चयनित होने के उपरान्त आवेदको को 50 हजार रूपये की पेनल्टी सिक्योरिटी राशि एवं 15 हजार रूपये की किट सिक्योरिटी राशि कुल 65 हजार रूपये राजकॉम्प के खाते में जमा कराने होगें। सूचना प्रौद्य ोगिकी और संचार विभाग कि प्रोग्रामर एवं जिला स्तरीय आधार नामांकन समिति कि सदस्य रेखा बुकण ने जिले के नागरिको से अपिल कि है जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में शर्तों के अनुसार कार्य करने का इच्छुक है, वह स्वयं की SSO ID से G2C में RAJAADHAAR PORTAL के माध्यम से 29 नवंबर से 08 दिसम्बर, 2024 तक आवेदन कर सकते है। आवेदनकर्ता समस्त दस्तावेज स्वयं सत्यापित करके ही अपलोड करें।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक जैन ने किया गर्विक्ष का सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** आल इंडिया पावर लिफ्टिंग टूर्नामेंट में ब्रांज मेडल जीतने पर उदयपुर के गर्विक्षराज श्रीमाली का शहर विधायक ताराचंद जैन ने सम्मान किया। ज्ञातव्य है कि राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए गर्विक्ष ने 93 किलोभार वर्ग ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर गर्विक्ष के कोच सुमित पानेरी, विप्र सेना शहर जिला महामंत्री नेमीचंद आचार्य, विपिन जैन व गर्विक्ष के पिता प्रदीप श्रीमाली आदि उपस्थित थे।

### स्वस्थ जीवन शैली पर वार्ता

**उदयपुर (पुकार)।** राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के स्वस्थ वृत्त एवं योग विभाग द्वारा मंगलवार को राजकीय मास्टर किशन लाल वर्मा उच्च माध्यमिक विद्यालय अम्बामाता में स्वस्थ जीवन शैली पर एक वार्ता आयोजित हुई। वार्ता के मुख्या वक्ता आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश दीक्षित एवं प्रोफेसर विष्णु कुमार मित्तल ने विद्यार्थियों को शारीरिक , मानसिक , सामाजिक एवं अध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। डॉ आयुषी खण्डेलवाल एवं डॉ किरण शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

### स्टेट जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ के तत्वावधान में बड़ी स्थित नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में इंडोर हॉल में आयोजित सीनियर स्टेट आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को सभी जिलों से आए 223 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौहान ने बताया कि मंगलवार को महिला वर्ग फ्लोर एक्सरसाइज में पूजा चौधरी (नागोर), दिशा (जोधपुर), गरिमा (नागौर) एवं बैलेंसिंग बीम इवेंट में दिशा (जोधपुर), ईशा (जोधपुर), पूजा (नागौर) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। सचिव भरत सिंह भाटी ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनुवंत सिंह राजपुरोहित, राजस्थान जिम्नास्टिक संघ के सचिव परमेश्वर प्रजापत पूर्व महासचिव कान सिंह थे। सभी विजयी खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मैडल पहनाए गए।

### योग निंद्रा में संकल्प शक्ति द्वारा दिव्य ऊर्जा का संचार होता है - योगाचार्य के पी राय

**उदयपुर (पुकार)।** आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 4, उदयपुर में निशुल्क योग शिविर के आठवें दिन योग व योग क्रियाएं करवाई। नरेश पूर्बिया ने बताया कि योगाचार्य के पी राय ने शरीर में पांच प्राण को शक्तिशाली बनाने के लिए योग क्रियाएं करवाई। तत्पश्चात योग निद्रा में संकल्प शक्ति द्वारा दिव्य ऊर्जा का संचार होता हैं। हास्यासन, जय घोष एवं शांति पाठ योग प्रशिक्षक नरेश कुमार पालीवाल ने करवाया। 27 से 29 नवंबर को हार्ट फुलनेस रिसेप्टल देवी लाल चंदेल व प्रफुल्ल गांधी द्वारा करवाया जाएगा।

### इमली वाले बाबा का उर्स मुबारक आज से



**उदयपुर (पुकार)।** गुलाब बाग स्थित दरगाह हजरत शाह सय्यद अब्दुल शकुर साबिर अली चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स का आगाज बाद नमाज जौहर के कुरआन ख्वानी और असर की नमाज के बाद परचम कुशाई के साथ होगा। दरगाह कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद रफीक शाह बहादुर ने बताया कि इमली वाले बाबा का सालाना उर्स एक दिसम्बर को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न होगा। उर्स मुबारक में पांचों रोज महफिले मिलाद, नातिया कलाम, और महफिले शमा का प्रोग्राम होगा। उर्स के पांचो रोज बाहर से आने वाले जायरिनो के लिए दोनों वक्त लंगर का इंतजाम रहेगा।

### नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन

**उदयपुर (पुकार)।** विप्र फाउंडेशन उदयपुर द्वारा अखिल भारतीय मेनारिया ब्राह्मण समाज एवं श्रीमाली मेवाड़ ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के विजयी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। फाउंडेशन के कार्यालय प्रभारी शिवकुमार शर्मा ने बताया कि श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली, उपाध्यक्ष रमेश श्रीमाली,अखिल भारतीय मेनारिया ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित गिर्वा जोन उपाध्यक्ष अर्जुनलाल मेनारिया का सम्मान किया गया। विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपने समाज के साथ-साथ सर्व ब्राह्मण समाज एवं पूरे सनातन समाज में सहयोग करने का आग्रह किया।

### शिव दल की ओर से अतिप्राचीन नौ ग्रह की बावड़ी पर दीपदान मनोरथ आयोजित

**उदयपुर (पुकार)।** शिव दल की ओर से मंगलवार को एकादशी पर फतहसागर मार्ग स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में स्थित अतिप्राचीन नौ ग्रह की बावड़ी पर दीपदान मनोरथ आयोजित हुआ।

शिव दल प्रमुख मनीष मेहता ने बताया कि नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में स्थित 2000 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी में नौ देवरिया होने से इसे नवग्रह की बावड़ी कहा जाता है। इस बावड़ी में 12 महीने पानी भरा रहता है। साथ ही इस बावड़ी का इतिहास महाराणा प्रताप से भी जुड़ा है। महाराणा प्रताप इसी बावड़ी के जल से महादेव का अभिषेक करते थे। मेहता ने बताया कि मंगलवार को एकादशी पर शिव दल कार्यकर्ताओं ने सम्पूर्ण बावड़ी को 2100दीयों से जगमग किया। रात्रि में टिमटिमाते दिए आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में बावड़ी के जल की आरती की गई।

### शर्मा बने लोक अभियोजक, नागदा अपर लोक अभियोजक

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार की ओर से विभिन्न जिला अदालतो में राजकीय मामलों की पैरवी करने हेतु लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजक की आज राजस्थान सरकार द्वारा घोषणा कर दी गई उदयपुर में राम कृपा शर्मा को लोक अभियोजक के पद पर नियुक्त किया गया, साथ ही महेंद्र नागदा को लोक अभियोजक क्रम संख्या 1 (NDPS), दिनेश गुप्ता को लोक अभियोजक क्रम संख्या 2, श्रीमती वंदना उदावत को अपर लोक अभियोजक क्रम संख्या 3, पृथ्वीराज तेली को अपर लोक अभियोजक क्रम संख्या 4, गोपाल पालीवाल को अपर लोक अभियोजक क्रम संख्या 5 के पद पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया गया है। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने दी।

# नाथद्वारा में भारत का पहला क्रिकेट स्टेडियम होटल खुलेगा 2025 में







**उदयपुर (पुकार)।** भारत का पहला शानदार क्रिकेट स्टेडियम होटल (एमपीएमएससी) राजस्थान के पवित्र शहर नाथद्वारा में 2025 में खुलने जा रहा है। मिराज ग्रुप की तरफ से बनाये जानेवाला यह होटल रेडिसन होटल समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। यह भारत का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होटल है, जिसमें शानदार आवास के साथ लाइव क्रिकेट देखने की सुविधा है। इसमें 234 आलीशान कमरे होंगे। उनमें से 75 प्रतिशत कमरों में से क्रिकेट मैदान का अनोखा नजारा दिखेगा। यहां ठहरने वाले मेहमान अपने कमरे में बैठकर आराम से क्रिकेट का आनंद ले सकते हैं। यह होटल विलासिता और डिज़ाइन का सही मिश्रण है। आतिथ्य सत्कार और क्रिकेट के प्रति जुनून, दोनों मामले में यह एक नया मानक स्थापित करता है। इस नवोन्मेषी खेल परिसर में रहकर मदन पालीवाल की दूरदर्शिता और रेडिसन के उत्कृष्ट आतिथ्य का अनुभव लेने के लिए तैयार हो जाइए।

अतिरिक्त निदेशक माइंस उदयपुर जोन के निर्देश पर

## चित्तौड के पारी गांव में खनिज क्वार्टज के अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई



माइन्स टीम। पारी गांव में अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए खनन विभाग की टीम।



**उदयपुर (पुकार)।** अतिरिक्त निदेशक माइंस उदयपुर जोन दीपक तंवर के निर्देषन में खान विभाग की टीम द्वारा चित्तोड़गढ़ के भूपालसागर के पारी गांव में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त निदेशक दीपक तंवर को गुप्त स्त्रोत से प्राप्त जानकारी पर संबंधित क्षेत्र से बाहर के अधिकारियों को बिना किसी पूर्व सूचना के संबंधित क्षेत्र में भेज कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

गौरतलब है कि प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त द्वारा विभिन्न समीक्षा बैठकों के दौरान अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हुए है।

अतिरिक्त निदेशक टीपक तंवर ने बताया कि गुप्त स्त्रोत से प्राप्त जानकारी पर सहायक खनि अभियंता बिजोलिया बंशीलाल सुथार और राजसमंद फोरमैन जमुना शंकर को मय जाब्ते के बिना पूर्व जानकारी के अवैध खनन स्थल पर भेजा गया और लक्ष्मण पुत्र भगवान जाट की खातेदारी भूमिपर खनिज क्वार्टज का अवैध खनन पाया गया। टीम द्वारा खनिज क्वार्टज का मौके पर 16-16 टन वजन के दो ब्लॉक और एक्सकवेटेड माल पकड़ा। इसके साथ ही किए गए खनन का आकलन करने पर 2592 टन अवैध खनन पाया गया। खनिज क्वार्टज की कीमत लगभग 50 हजार प्रति टन बताई जा रही है इस तरह से करीब 6 करोड़ रु. से अधिक के क्वार्टज खनिज का अवैध खनन पाया गया है। अतिरिक्त निदेशक तंवर ने खनि अभियंता चित्तोड़गढ़ को संबंधित के खिलाफ एमआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## अधिकारियों पर अनिश्चितता का माहौल बनाने का आरोप, समायोजन नीति में विसंगतियां




**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने राज्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है को संगठन के अनुसार, उच्च अधिकारियों द्वारा अधिशेष शिक्षकों के समायोजन के लिए जारी किए गए निर्देशों में गंभीर विसंगतियां हैं, जिनकी वजह से शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। शिक्षकों के समायोजन के लिए विभाग में जारी अनिश्चितता से सरकार और विभाग की छवि को नुकसान हो रहा है। संघ ने राज्य सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है ताकि इन विसंगतियों को दूर किया जा सके और स्थिति स्पष्ट हो।

शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पुष्करणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अधिकारियों के द्वारा जारी किए गए निर्देशों में पदों के आवंटन और उनकी वित्तीय स्वीकृति के मुद्दे पर असमंजस की स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना उचित नियमों और दिशा-निर्देशों के अधिशेष शिक्षकों की गणना मनमाने तरीके से की जा रही है, जिससे शिक्षकों में भय और आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में मण्डल संयुक्त मंत्री रमेश चंद पुरोहित, उदयपुर ज़िलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह झाला, उदयपुर ज़िला संगठन मंत्री डॉ. हेमंत मेनरिया, चित्तौड़गढ़ ज़िलाध्यक्ष पूरनमल लोहार, ज़िला कोषाध्यक्ष मंगल कुमार जैन, ज़िला मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया, अतिरिक्त मंत्री शंकर लाल जाट, सोहन लाल जाट आदि मौजूद थे।

## भोंह हटाकर ब्रेन ट्यूमर निकाला

### दक्षिणी राजस्थान में अब तक का पहला मामला

**उदयपुर (पुकार)।** ब्रेन ट्यूमर के मरीज का ऑपरेशन आंखों की भोंह हटाकर किया गया। इसमें ट्यूमर पूरी तरह हटा दिया गया है।

यह दक्षिणी राजस्थान में अब तक का पहला मामला माना जा रहा है जिसमें भोंह से टांके हटने के बाद ऑपरेशन के चीरे का निशान भी दिखाई नहीं देगा। यह ऑपरेशन जीबीएच जनरल हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में पूरी तरह निःशुल्क हुआ है।

जालौर निवासी छैलसिंह (51) की कुछ समय से याददाश्त चली गई थी। उन्हें मिर्गी के दौरे उठ रहे थे और उनके व्यवहार में भी परिवर्तन आ गया था। परिजन उन्हें अहमदाबाद ले गए जहां एमआरआई में ब्रेन ट्यूमर का पता चला, लेकिन इसके ऑपरेशन का खतरा और खर्च भी लाखों में बताया गया। वहां परामर्श व जांचों के बाद परिजन लौट आए और जीबीएच जनरल हॉस्पिटल के न्यूरो साइंसेस विभाग में न्यूरो सर्जन डॉ. सुमित दवे से संपर्क किया। एमआरआई रिपोर्ट देखने के बाद डॉ. सुमित दवे ने रोगी व ट्यूमर की स्थिति देखकर ऑपरेशन तय किया। इसमें मरीज के सिर के रास्ते जाने की बजाय ट्यूमर फ्रंटल लोब होने के कारण आंखों की भोंह के रास्ते पहुंचना तय किया। यहां आंखों की भोंह के बीच में चीरा लगाकर मस्तिष्क की सिर्फ डेढ़ इंच हड्डी हटाकर ट्यूमर निकाला गया। करीब चार घंटे चले ऑपरेशन के बाद वापस हड्डी लगाकर भोंह का बंद कर दिया गया। डॉ. सुमित दवे ने दावा किया है कि इस तरह का ऑपरेशन दक्षिणी राजस्थान में पहली बार हुआ है। इसे मेडिकल साइंसेस में सुपरा ऑर्बिटल की होल अप्रोच कहा जाता है। हालांकि ऑपरेशन में खतरा था, लेकिन सभी खतरे का टालते हुए मरीज की भोंह का वापस बंद कर दिया गया। स्कारलेस माइक्रो सर्जरी होने से मरीज के टांके हटाने के बाद ऑपरेशन के टांके के निशान भी दिखाई नहीं देंगे। ऑपरेशन के करीब एक घंटे बाद मरीज को बैठा दिया गया और शनिवार को मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट गया। डॉ. सुमित दवे ने बताया कि मरीज की खोई हुई याददाश्त भी वापस लौट आई है और मिर्गी की समस्या भी अब नहीं रहेगी।



## 11वीं के छात्र ने सेलिब्रेशन मॉल के चौथे फ्लोर से कूद आत्महत्या की

**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित सेलिब्रेशन मॉल के चौथे फ्लोर से मंगलवार दोपहर को एक किशोर ने छलांग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई। मोर्चरी के बाहर परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल में उसकी काउंसलिंग की गई थी।

इस दौरान वह रोने लगा, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी।

सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि वरदा निवासी कृष पामेचा (17) पुत्र नारायण लाल जैन विद्याभवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत था। स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह स्कूल ड्रेस में ही टू व्हीलर लेकर सेलिब्रेशन मॉल पहुंचा। पार्किंग में वाहन खड़ा कर टोकन लिया। फिर चौथे माले पर गया, जहां बेंच पर बैग रखकर कूद गया। उसे तुरंत मॉल के पास निजी हॉस्पिटल में पहुंचाया गया, जहां से उसे एमबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एमबी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता हैकि मृतक के पिता वरदा गांव में ही किराणा की दुकान चलाते हैं। मोर्चरी के बाहर मृतक के परिजनों ने बताया कि कृष पढ़ाई में होनहार था। वह रोजाना घर से स्कूल और स्कूल से सीधा घर आता था।

वह किसी भी कोचिंग में नहीं जाता और घर पर ही पढ़ाई करता था। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उनकी लापरवाही से यह घटना हुई। सुबह कृष स्कूल गया था, जहां उसकी काउंसलिंग की गई, यह किसी बात को लेकर काउंसलिंग थी, इसका तो पता नहीं। इस दौरान कृष रोने लगा था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इसकी जानकारी अभिभावकों को नहीं दी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.